आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
15.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.39
सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

कानपुर

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 22 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 183, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया - 12



■ कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन - 12



■ सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र - 13



■ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% किया

● राष्ट्रपति बोले- भारत से ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार रात सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क आदेशों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से रद्द कर दिए जाने के बाद नया वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा की है। अब भारत को अब पहले के 25 प्रतिशत के बजाय केवल 15 प्रतिशत के जवाबी सीमा शुल्क का ही सामना करना होगा। ट्रंप की इस घोषणा के मुताबिक, यह अस्थायी आयात शुल्क 15 प्रतिशत का होगा। आयात शुल्क वह कर है जो कोई देश अन्य देशों से आयात की गई वस्तुओं पर लगाता है। आयातक को यह शुल्क सरकार को चुकाना होता है। आमतौर पर कंपनियां यह शुल्क अंतिम उपयोगकर्ता या उपभोक्ता पर डाल देती हैं। इस वजह से आयातित वस्तुएं उस देश में महंगी हो जाती हैं। जहां तक जवाबी शुल्क का सवाल है तो इस कर को अमेरिका ने पहली बार लगाया था। अप्रैल, 2025 में अमेरिका ने भारत सहित लगभग 60 देशों पर यह शुल्क लगाया था, ताकि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर मिल सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई देश अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश की वस्तुओं पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया जाता है। भारत के संदर्भ में अमेरिका ने अप्रैल, 2025 में 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जुलाई में यह 25 प्रतिशत कर दिया गया और अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया गया। इस तरह भारतीय उत्पादों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया।

फरवरी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने कहा कि भारत पर यह शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा और अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क हटा दिया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

## भारतीय मूल के वकील नील ने अवैध टैरिफ के खिलाफ दलील दे पलटा ट्रंप का खेल



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील नील कात्याल हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विजय। कात्याल ने एक साक्षात्कार में कहा, आज जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी प्रणाली में बेहद खास है। मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे। यह बहुत ही तीखी और गहन मौखिक बहस थी, और अंत में उन्होंने मतदान किया और हम जीत गए। उन्होंने आगे कहा, इस देश की यही बात असाधारण है। हमारे पास एक ऐसी व्यवस्था है जो स्वयं को सुधारती है, जो हमें यह कहने की अनुमति देती है कि आप दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन फिर भी आप संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। कात्याल का जन्म शिकागो में चिकित्सक मां और अभियंता पिता के घर 1970 में हुआ था। उनके माता पिता भारत से यहां आये थे।

## ब्रीफ न्यूज

### अंतर्राज्यीय नशा तस्करी गिरोह के 5 सदस्य पकड़े सभी बदायूं के रहने वाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्मैक की आपूर्ति करने वाले एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अमीन खान (24) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि वह बदायूं के आपूर्तिकर्ताओं से स्मैक खरीदता था। इसके बाद पुलिस ने बदायूं से उसके दो आपूर्तिकर्ताओं राशिद (38) और बलबीर (34) को गिरफ्तार किया। खान के कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद उसके दो स्थानीय सहयोगियों आसिफ (27) और इकरार (42) का पता चला और गिरफ्तार कर लिया गया।

### नवजात की तस्करी वाले गिरोह का भंडाफोड़ पंजाब से दो गिरफ्तार

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गोद लेने की सुविधा प्रदान करने के बहाने नवजात शिशुओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा एक अन्य को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियान के कांगड़ा पुलिस की एक टीम ने एक नाबालिग को भी बचाया। देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि रोहित राणा ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दीपक आनंद नामक व्यक्ति ने नवजात शिशु को गोद दिलाने के बहाने उससे 23,500 रुपये की धोखाधड़ी की है। मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भारत-ब्राजील रिश्तों को नई मजबूती 20 अरब डॉलर का व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के बीच खनिज, सुरक्षा को लेकर हुई वार्ता

● मोदी बोले- लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ब्राजील

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा शनिवार को व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लूला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। वर्ष 2024-25 में भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। मोदी ने कहा कि जब भारत-ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

वहीं, लूला ने अपनी टिप्पणियों में पहलगाम में हुई आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अशांत वैश्विक माहौल के लिए भारत और ब्राजील को अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की आवश्यकता है तथा दोनों शक्तियों के बीच संवाद सर्वोत्तम स्तर की बातचीत है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ 'ग्लोबल साउथ' के दो सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं। यह एक डिजिटल महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति का मिलन है। हम दोनों ही अत्यधिक विविधता वाले देश हैं और हम दोनों ही बहुपक्षवाद एवं शांति के समर्थक हैं।

### विकसित भारत के लिए 'मेड इन इंडिया' चिप अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं।

(विस्तृत कारोबार पेज पर)

# योगी ने अन्नदाताओं के खाते में 460 करोड़ किए ट्रांसफर



लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान को चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी।

● 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की बीमा राहत, 3500 परिवारों को 175 करोड़ सहायता

● पांच शहरों में लगेंगे डॉप्लर वेदर राडार, आपदा मित्रों को पांच लाख का बीमा कवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के तहत 2.51 लाख अन्नदाता किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। एक बटन दबाकर कुल 460 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों के खातों में राशि हर हाल में अगले 24 घंटे में पहुंच जानी चाहिए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे।

**2026-27 बजट का लाभ सीधे खातों में :** सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में पारित 2026-27 के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों के खातों में पहुंचे।

**फसल बीमा से 2.51 लाख किसानों को संबल :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सूखा और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा संकट की घड़ी में सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। गत 16 जून 2025 को भी 11,690 किसानों और आश्रितों को 561.86 करोड़ वितरित किए गए थे।

**पांच शहरों में डॉप्लर वेदर राडार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार लगाए जाएंगे। इससे मौसम पूर्वानुमान के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जगह की सटीक जानकारी मिल सकेगी। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

**कई परियोजनाओं का शिलान्यास :** सीएम ने बागपत, शामली, कासगंज और भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, झांसी के मऊरानीपुर में 50 शैय्या छात्रावास तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया।

### दुर्घटना में मौत पर पांच लाख की सहायता

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत अब किसान के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार और सह किसान भी कवर किए जा रहे हैं। दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। अब तक इस योजना में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए जा चुके हैं।

### आपदा के 24 घंटे में राहत पहुंचाने का लक्ष्य

सीएम योगी ने कहा कि पहले आपदा पीड़ितों को वर्षों तक मुआवजा नहीं मिलता था, लेकिन अब सरकार का लक्ष्य है कि बाढ़, आकाशीय बिजली या आगजनी जैसी घटनाओं में 24 घंटे के भीतर सहायता राशि खातों में पहुंच जाए। राज्य आपदा मोचक निधि में 2025-26 के लिए 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। फसल क्षति से प्रभावित 5.14 लाख किसानों को 260 करोड़, जनहानि के 5398 मामलों में 216 करोड़ और मकान क्षति के 27,448 मामलों में 24 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

● यौन शोषण मामले में एडीजे (पॉक्सो एक्ट) ने दिया आदेश

प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।

### हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, सच्चाई जल्द सबके सामने आएगी



**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। प्रयागराज के पाक्सो अदालत ने शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। शंकराचार्य ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मेरे खिलाफ फर्जी केस दर्ज कराया गया है। हम मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप लगाने वाले खुद हिस्ट्रीशीटर हैं। हमारी न्यायपालिका और सच्चाई पर पूरा भरोसा है।

# आतंकी खतरा: प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की बढ़ाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी खुफिया सूचना है कि चांदनी चौक स्थित एक मंदिर को भी निशाना बनाया जा सकता है।

# 'पुलिस ने घेर लिया है, सरेंडर कर दो' कोर्ट- एसपी बहराइच हाजिर हों

● पुलिस की एफआईआर में ऐसे फ़िल्मी डॉयलॉग पर हाईकोर्ट चकित

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली प्राथमिकी में फ़िल्मी डॉयलॉग के इस्तेमाल पर आश्चर्य जताया है। दरअसल, बहराइच जनपद के गो-हत्या के एक मामले में पुलिस द्वारा दर्ज कराई गई एक एफआईआर में लिखा है कि जब पुलिस टीम अभियुक्तों को गिरफ्तार करने पहुंची तो पहले चेतावनी दी कि तुम लोग पुलिस से घिर चुके हो, आत्मसमर्पण कर दो।

कोर्ट ने कहा कि यह अजीब है कि फिल्मों में ऐसे डॉयलॉग इस्तेमाल होते हैं, वही पुलिस की एफआईआर में भी हैं। कोर्ट ने एसपी बहराइच को सम्बंधित मामले में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, याची अभियुक्त की गिरफ़्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अकबर अली की याचिका पर पारित किया। याची ने 22 जनवरी 2026 को बहराइच जिले के जरवल रोड थाने में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है।

मामले में अभियोजन के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस दल ने गो-हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोप में तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया था और घटनास्थल से फरार हो गये चौथे अभियुक्त के रूप में याची का नाम सामने आया। एफआईआर का अवलोकन करते हुए कोर्ट ने पाया कि घटना का समय प्रातः 10:45 अंकित है। जबकि एफआईआर में कहा गया है कि अभियुक्तगण आपस में बात कर रहे थे कि 'अब उजाला होने वाला है'। कोर्ट ने कहा कि पौने 11 बजे अभियुक्तगण यह कैसे कह रहे थे कि अब उजाला होने वाला है? एफआईआर की तमाम बातें फिल्मी पटकथा जैसी प्रतीत हो रही हैं

बढ़ते कदम | केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- दुनिया भर के देशों ने 'सभी के कल्याण और सभी की खुशी' के सिद्धांतों को मान्यता दी

# भारत के विजन पर 88 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● हस्ताक्षर करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल



राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। इस घोषणा का मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए है। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया।

### घोषणा को समर्थन में यह देश

इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है।

# न्यूज ब्रीफ

## मेरठ में पीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक बने: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल, रेलवे स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल के विस्तार और मेरठ मेट्रो सेवा की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों की सहभागिता संभावित है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु और सुरक्षित रहें। उन्होंने पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रविवार को प्रधानमंत्री करीब 12,930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## बिना कारण बताए हमारी एनएसजी सुरक्षा हटाई



**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सुरक्षा से खिलवाड़ करती है। मुझे एनएसजी सिक्योरिटी और राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा मिली थी। भाजपा सरकार ने उनकी एसपीजी सुरक्षा हटायी, उनका घर खाली कराया। बिना कारण बताए हमारे पास से एनएसजी सुरक्षा हटा ली। सरकार हमारे ड्राइवर और गेट खोलने वालों की भी गिनती कर बता रही कि इतनी सुरक्षा दे दी है। सुरक्षा का जो प्रोटोकॉल है, वह तो मिलेगा ही। सपा प्रमुख ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब बुलडोजर से किसी का घर गिरता है तो मुख्यमंत्री आवास में बैठकर खुश होते हैं और कहते हैं, देखिए आज मैंने घर गिरवा दिया। मुख्यमंत्री दूसरों को उपद्रवी और माफिया कहते हैं।

## 'लखनऊ दर्शन' बस में फिर शामिल हुई विधानसभा की सैर

**अमृत विचार , लखनऊ:** उत्तर प्रदेश का बजट सत्र समाप्त हो चुका है, अब 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा के जरिए पर्यटक एक बार फिर से भव्य और ऐतिहासिक उप्र . विधानसभा भवन का भ्रमण कर सकेंगे। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन अब लोकतंत्र का यह दरबार आम लोगों के स्वागत के लिए फिर से तैयार है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी।

# मतदाता बनाने को आज चलेगा प्रदेशभर में विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक बूथों पर बैठेंगे बीएलओ, डीएम करेंगे निगरानी

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत रविवार को प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मकसद अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और उसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व निभा रहे सभी डीएम कड़ी निगरानी रखेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वर्ष 2026 का यह चौथा विशेष अभियान दिवस होगा। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को भी प्रदेशभर में ऐसे अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। 22 फरवरी (आज) को प्रत्येक बूथ पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। उनके पास 6 जनवरी-26 को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति तथा फॉर्म 6, 6 ए, 7 और 8 उपलब्ध रहेंगे।

हर मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां लोगों को फॉर्म भरने में सहायता दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी-26 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं है, वह फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग के मोबाइल एप और voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# एआई इम्पैक्ट समिट में यूपी मॉडल की गूंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में शामिल हुए यूपी से जुड़े स्टार्टअप
- सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग मॉडल की हुई सराहना




**अमृत विचार :** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में उत्तर प्रदेश की एआई आधारित शिक्षा पहल को राष्ट्रीय पहचान मिली है। समिट में जारी 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में देशभर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

रिपोर्ट को इंडिया एआई और कल्पा ईपैक्ट द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें प्रमुख क्षेत्रों में नवाचारों को रेखांकित किया गया है। उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल के उदाहरण के रूप में किया गया है। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में एआई संचालित प्लेटफॉर्म लागू किया गया है। इसके जरिए छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन कर उन्हें व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का लाभ केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। यही वजह है, बजट 2026-27 में भी डिजिटल और एआई आधारित पहलों पर विशेष जोर दिया गया है।

### डिजिटल शिक्षा नीति को मिली मान्यता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों वाले प्रदेश में तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय रिपोर्ट में यूपी मॉडल का जिक्र डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

### पीपीपी मॉडल बना उदाहरण

रिपोर्ट में सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 110 चयनित स्टार्टअप्स में शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश का उल्लेख प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

# जेवर से उठी चिप क्रांति : योगी

## 3700 करोड़ की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त निवेश से 2028 तक शुरू होगा उत्पादन
- 3500 रोजगार और 45 हजार करोड़ जीडीपी योगदान का अनुमान
- 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' मॉडल की चर्चा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 'स्केल और स्पीड' के साथ विकास का नया मॉडल स्थापित किया है और जेवर में सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास इसी परिवर्तन का प्रतीक है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखे जाने को उन्होंने प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम का कथन भी दोहराया "ऑयल वॉज ब्लैक गोल्ड, बट चिप इज डिजिटल डायमंड।" इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जेवर क्षेत्र अराजकता और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज यह देश का 'जेवर' बनकर उभर रहा है।

सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डी-रेगुलेशन और डी-क्रिमिनलाइजेशन के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' का इकोसिस्टम स्थापित हुआ है, जिससे प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना है। यह परियोजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की आधारशिला है।




यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य। अमृत विचार

## देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर अब देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट यूनिट के शिलान्यास के साथ उत्तर प्रदेश में 'चिप क्रांति' की नई लहर उठी है। करीब 3,700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली यह अत्याधुनिक इकाई वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजिस और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60 :40 संयुक्त उद्यम है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट सुविधा होगी, जहां स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होने वाले डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। संयंत्र की प्रति माह 20,000 वेफर्स प्रोसेसिंग क्षमता होगी, जिससे देश में सेमीकंडक्टर कंपोनेंट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस इकाई से भारत की आयात निर्भरता घटेगी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की भूमिका मजबूत होगी। मोबाइल, टीवी और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में उपयोग होने वाले डीडीआईसी चिप्स के घरेलू उत्पादन से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

परियोजना से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और वैश्विक साझेदारों का निवेश आकर्षित होगा। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के जीडीपी योगदान की संभावना जताई गई है।

# कौशल प्रशिक्षण में सुधार को परफॉर्मेंस बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू

## गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रेडिंग सिस्टम से तय होगी संस्थानों की रैंकिंग, बेहतर प्रदर्शन पर मिलेंगे ज्यादा लक्ष्य

**अमृत विचार :** प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए नई परफॉर्मेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू कर दी है।

नई नीति का उद्देश्य प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार कौशल विकास को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा इस व्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अधिक अवसर मिलेंगे, जबकि कमजोर संस्थानों में सुधार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। नई व्यवस्था के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा और अप्रैल में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित होंगे। जैसे, वर्ष 2026-27 की ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय की जाएगी।

### 1712 संस्थान होंगे शामिल

नई नीति के दायरे में निजी प्रशिक्षण केंद्रों, राजकीय संस्थानों, दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप्स और डीडीयू-जीकेवाई सहित कुल 1712 प्रशिक्षण प्रदाता शामिल किए गए हैं।

### 'ए' से 'डी' तक चार श्रेणियां

मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, केवल वे संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे, जो फरवरी तक संबद्ध हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों। उन्होंने बताया कि 40 अंकों के मानक तय किए गए हैं, इनमें 36-40 अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को 'ए ' ग्रेड में रखा जाएगा , इसी प्रकार 30-36 अंक पर 'बी' ग्रेड, 25-30 अंक होने पर 'सी' ग्रेड और 25 से कम अंक मिलने पर 'डी' ग्रेड में स्थान मिलेगा। ग्रेडिंग नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी।

## वाराणसी जा रहे सपाई किए गए हाउस अरेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख के निर्देश पर दालमंडी वाराणसी जा रहे प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ में ही प्रशासन ने रोक लिया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा कुछ अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। नेता विरोधी दल ने कहा है कि जब हक और इंसाफ की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता के गलियारों में बैठे लोग बेचैन हो जाते हैं।

## कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया अशोभनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुई एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने को बसपा प्रमुख मायावती ने अभोभनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह से प्रदर्शन करके देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट हुई। इसमें देश व विदेश के काफी प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए। यह इंवेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया, अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय हैं।




लखनऊ : राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## राहुल गांधी के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन, किया पुतला दहन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने एकत्र हुए और वहां से कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी होश में आओ और मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए तथा कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का कारण इंटरनेशनल एआई समिट में कथित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध को बताया गया। भाजयुमो उपाध्यक्ष संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल कर रहे हैं।

# शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि से 1.68 लाख परिवारों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल से शिक्षामित्रों को प्रतिमाह मिलेंगे 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षामित्र और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि करके लगभग 1.68 लाख कर्मियों और उनके परिवारों को राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। इस फैसले से दोनों वर्गों पर अनुमानित 1,480 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

प्रदेश में वर्तमान में 1,43,450 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। नई नीति के अनुसार यह राशि बढ़ाकर 18,000 रुपये की गई है, जिससे प्रति शिक्षामित्र वार्षिक अतिरिक्त व्यय 88 हजार रुपये होगा। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 24,781 अंशकालिक अनुदेशकों को 17हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जिससे इनके लिए वार्षिक अतिरिक्त व्यय लगभग 218 करोड़ रुपये होगा।

मानदेय वृद्धि से न केवल शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में उनकी कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद है।

विभिन्न जिलों के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने इस फैसले का स्वागत किया। मुरादाबाद की एक शिक्षामित्र ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 10 हजार रुपये में गुजारा करना कठिन था, अब आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। अयोध्या के सुखजीत सिंह ने इसे लंबी समय से चली आ रही समस्याओं पर गंभीरता से लिया गया निर्णय बताया।



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक का शनिवार को आगरा आगमन पर स्वागत किया। मंत्री उपाध्याय ने प्रधानमंत्री को ताजमहल और आगरा किले का भ्रमण कराया और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता से अवगत कराया। अमृत विचार

**तैयारी** | तीन महीने में दो बार विधान सभा घेरने के आंदोलन से पार्टी में ऊर्जा लाने की हो रही कवायद

# प्रदेश में सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा बचाओ अभियान से अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से जुड़ने की हो रही कोशिश
- बीते 36 साल से प्रदेश की सत्ता से बाहर रहने से बढ़ रही अकुलाहट

**अमृत विचार:** विधान सभा चुनावों में महज एक वर्ष रह गया है तो कांग्रेस ने भी सत्ता का 36 साल से सूखा खत्म करने के लिए सियासी जमीन तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले तीन महीने के अंतराल में ही विधान सभा घेरने के इरादे से दो बड़े प्रदर्शन करके कार्यकताओं में जहां जोश भरने का प्रयास है, वहीं मनरेगा बचाओ अभियान और एसआईआर पर मुखर रुख अपनाकर प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के यह आंदोलन सियासी जमीन को कितना लहलहा पाते हैं, यह अभी भविष्य के गर्त में छिपा है।

देश आजाद होने के बाद उत्तर प्रदेश में गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में पहली सरकार बनी थी। इसके बाद कांग्रेस की सूबे में 11 बार सरकार बनी। इससे एक बारगी को माना जाने लगा कि कांग्रेस की सत्ता का सूरज उत्तर प्रदेश में शायद ही अस्त हो। वर्ष 1985 को हुए विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस ने 269 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी। लेकिन 1989 में हुए चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। उस समय कांग्रेस को महज 94 सीटें पाकर ही संतोष करना पड़ा था। उसके बाद कांग्रेस का प्रदेश में जो ग्राफ गिरने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक जारी है। हैरत की बात तो यह है कि वर्ष 2007 के बाद तो कांग्रेस की सीटें दहाई में भी नहीं आ पाई हैं। मौजूदा समय में कांग्रेस के बाद विधान सभा में दो सीटें हैं। एक विधायक अराधना मिश्रा हैं। वह प्रतापगढ़ की रामपुर खास चुन कर आईं हैं, जबकि दूसरे विधायक वीरेन्द्र चौधरी हैं। वह महाराजगंज के फरेंदा से विधायक हैं।



> कांग्रेस ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन और विधान सभा घेराव के कार्यक्रम किए हैं। इससे कार्यकर्ताओं में जोश पैदा होता है। वर्ष 2027 के चुनाव कांग्रेस पूरी दमदारी के साथ बेहतर परिणाम देगी।
>
> -अंशु अवस्थी, कांग्रेस प्रवक्ता

अब विधान सभा के 2027 के आम चुनावों की आहट शुरू हो गई है तो अब कांग्रेस ने जनता से जुड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 18 दिसंबर -25 में कांग्रेस ने जहां संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। अब पांच दिन पहले 17 फरवरी को एक बार कांग्रेस मैदान में उतर गई। इस बार मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधान सभा घेरने की कोशिश की गई, वहीं प्रदेश के सभी जिलों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद शामिल हो रहे हैं।

# होली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर की जा रही कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एफएसडीए ने किया निरीक्षण और प्रवर्तन
- कई जिलों में हजारों किलोग्राम सामग्री जब्त व नष्ट

**अमृत विचार :** आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जनता को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य-पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने व्यापक अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बाजारों, इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज, अस्थायी भट्ठियों और मंडियों में खाद्य पदार्थों की सतत निगरानी की गई।

यह जानकारी एफएसडीए की आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने दी, उन्होंने शनिवार को बताया कि अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1,260 निरीक्षण किए गए, 432 छापों के माध्यम से 473 नमूने संग्रहीत किए गए और 80,552 किग्रा सामग्री जब्त की गई, जिसका मूल्य लगभग 1.56 करोड़ रुपये आंका गया। मानव उपभोग योग्य न होने पर 7,715 किग्रा सामग्री नष्ट कर दी गई। एफएसडीए ने जनता से अपील की है कि मिठाई या खाद्य सामग्री खरीदते समय बिल जरूर लें और संदिग्ध रंग, गंध या खुली मिठाई का उपयोग न करें। किसी भी मिलावट या संदिग्ध सामग्री की सूचना हेल्पलाइन 1800-180-5533, व्हाट्सअप नंबर 9793429747 या स्थानीय कार्यालय में दी जा सकती है।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अभियान में छोटे या खुदरा कारोबारी उत्पीड़न का शिकार न हों और त्यौहार से दो दिन पूर्व सभी निरीक्षण कार्य पूरे कर दिए जाएं। अभियान का उद्देश्य होली के अवसर पर जनमानस को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पत्नी की जगह बहन से दिलाया सीटेट

## बर्रा थाना में ननद व भाभी के खिलाफ दर्ज है रिपोर्ट, पूछताछ में आशुतोष का नाम भी सामने आया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूल के एक शिक्षक ने पत्नी के स्थान पर गांव की बहन से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) दिलाई। बायोमेट्रिक हाजिरी से मामला पकड़ गया। रिश्ते में ननद व भाभी के खिलाफ कानपुर के बर्रा थाना में केस दर्ज हुआ। पूछताछ में सहायक अध्यापक का भी नाम सामने आया। पुलिस ने उसको भी लपेटे में लिया और कोर्ट में पेश किया। वहां से तीसरे आरोपी को भी जेल भेज दिया गया। बीएसए ने उसे निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बीएलओ भी था।

बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि बीईओ उमर्दा विपिन कुमार ने 12 फरवरी को रिपोर्ट भेजी है कि कंपोजिट स्कूल लक्ष्मनपुर के सहायक अध्यापक आशुतोष कुमार गैरहाजिर चल रहे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक व आशुतोष के परिजनों के मुताबिक वह 07 फरवरी से जेल में बंद हैं। बीएसए ने बताया कि यह कृत्य विभागीय आदेशों की अवहेलना करने, अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन न करने, विद्यालय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने, शिक्षण कार्य में रुचि न लेने, अपनी स्वेच्छाचारिता, मनमानी व स्वच्छंद कार्यशैली से कार्य किए जाने, जेल में निरुद्ध रहने विभाग की छवि धूमिल करने का स्पष्ट प्रमाण है। बीईओ ने जांच आख्या में 07 आरोप लगाए गए हैं। इसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन करने, स्कूल का शैक्षिक वातावरण दूषित करना भी शामिल है।

निलंबन के बाद आशुतोष कुमार को प्राथमिक स्कूल बेहटा में संबद्ध कर दिया गया है। जांच के लिए बीईओ हसेरन को नामित किया गया है। आरोपी शिक्षक एसआईआर अभियान में बीएलओ भी था। एसडीएम तिर्वा राजेश कुमार ने इसकी जानकारी बीईओ उमर्दा को दी।

### सात फरवरी को कानपुर में यह हुआ मामला

■ बताया गया है कि 07 व 08 फरवरी को कानपुर में सीटेट संपन्न हुआ। थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के घनापुर्वा लाख गांव निवासी आशुतोष कुमार (अब निलंबित सहायक अध्यापक) पत्नी शिवानी यादव को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिलाने कानपुर गए थे। शिवानी के स्थान पर गांव की ही रिश्ते में बहन संध्या पुत्री अजब सिंह ने परीक्षा दी। यह मामला बायोमेट्रिक से पकड़ लिया गया। बताया गया है कि संध्या ने सुबह चकेरी क्षेत्र में सीटेट दिया। उसके बाद दूसरी पाली में भाभी की परीक्षा पूर्णचंद्र विद्या निकेतन, बर्रा- 2, दक्षिणी कमिश्नरेट कानपुर नगर में देने गई। परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य राकेश उपाध्याय ने इसकी रिपोर्ट बर्रा थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 319 (2), 318 (4), उत्तर प्रदेश सार्वजिनक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अध्यादेश 2024 की धारा 11 और 13 (5) के तहत 07 फरवरी को रात साढ़े नौ बजे के करीब दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि संध्या के नाम का कूटरचित आधार पाया गया। बायोमेट्रिक एजेंसी का सत्यापन आधार यूआईडी से नहीं हुआ। परीक्षार्थी की पहचान गलत साबित हुई। पूछताछ में पता चला कि शिवानी यादव के स्थान पर संध्या परीक्षा दे रही थी। मामले की जांच एसीपी नौबस्ता को सौंपी गई है।

● विद्यार्थियों को बिना गुणवत्ता के मिड-डे मील परोसने का मामला

● खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट पर बीएसए ने किया निलंबन

### जांच करने गए बीईओ को गैरहाजिर मिला अध्यापक निलंबित

■ **कन्नौज।** तालग्राम विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल रसूलपुर में छात्र-छात्राओं को गुणवत्ताविहीन मिड-डे मील दिए जाने व बीईओ को गैरहाजिर मिले प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। इसको लेकर आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने पहले ही शीर्षक 'रसूलपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर गिर सकती है कार्रवाई की गाज' खबर प्रकाशित की थी। विद्यार्थियों को खराब भोजन देने की जानकारी पर तालग्राम बीईओ रमेश चंद्र चौधरी जांच करने गए थे। 18 फरवरी को सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से रसूलपुर स्कूल का निरीक्षण किया गया। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि उस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार उपस्थित नहीं थे। निरीक्षण वाले दिन विद्यार्थियों की संख्या महज 11 ही थी। सेवक गगन की ओर से दूध वितरण की फोटो नहीं दिखाई गई है। एक दिन पहले भी प्रधानाध्यापक अनुपस्थित थे। एमडीएम पंजिका में 09 फरवरी से कोई ब्योरा नहीं दर्ज किया गया है। नोटिस के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक को पांच सालों के स्कूलों का रिकार्ड, अध्यापक उपस्थिति पंजिका मूलरूप में, छात्र उपस्थित पंजिका मूल रूप में, स्कूल आय- व्यय संबंधी रजिस्टर, मिड-डे मील आय व्यय का रजिस्टर, एमडीएम खाते का पांच वर्ष का स्टेटमेंट मांगे गए थे। मामले की सुनवाई में उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। इन सब वजह से जितेंद्र कुमार को निलंबित कर पीएम श्री तालग्राम में संबद्ध किया गया है। जांच बीईओ उमर्दा विपिन कुमार को दी गई है।


रसूलपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर गिर सकती है कार्रवाई की गाज

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# घटिया सामग्री लगाकर हो रहा सड़क का निर्माण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला शिवाजी नगर में ठेकेदार सड़क निर्माण में मनमानी कर रहा है। पानी भरी सड़क पर मौरंग, गिट्टी डाल कर निर्माण शुरू कर दिया। इससे वाहन धस रहे हैं।

शहर के मोहल्ला शिवाजी नगर में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यह सड़क रेलबे स्टेशन से निकल कर शिवाजी नगर मोहल्ला होते हुए कई गांव को जोड़ती है। इससे 24 घंटे लोगों का निकलना रहता है। इसके अलावा मोहल्ले में तीन इंटर कालेज हैं। इसी मार्ग से स्कूली बसों का पूरे दिन गुजरना रहता है। इस मार्ग के निर्माण में चौडाई नाली तक नहीं की जा रही है जबकि जगह पर्याप्त है। पानी का निकास न होने से 25 वर्षों से उक्त मार्ग पर पानी भरा रहता था। इस समस्या का निदान कराने के लिये मोहल्ले के लोगों ने सांसद समेत विधायकों से संपर्क कर किसी तरह मार्ग का निर्माण कराने की स्वीकृति पाई। अब मार्ग का निर्माण शुरू हुआ तो इसमें घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार ने मार्ग निर्माण के दौरान रोलर नहीं चलाया। इससे शनिवार को ठेकेदार की मिक्सिंग मशीन ही रोड पर धस गई।


शिवाजी नगर में घटिया सड़क निर्माण में फंसी ठेकेदार की मशीन। अमृत विचार

● सड़क पर भरे पानी में डाली मौरंग, गिट्टी मिक्स मसाला

मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मार्ग निर्माण के साथ ही नाली का सही लेबल मिलान करा दिया जाये। इससे पानी भरने की समस्या से निजात मिल सके। सड़क का निर्माण नाली तक कराया जाये। शिकायती पत्र में सभासद कलावती, अशोक इँटर कालेज के प्रधानाचार्य, सुमित कटियार, समेत कई मोहल्ले के लोगों ने हस्ताक्षर किये हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक से गिरे वृद्ध के सिर में लगी चोट, जिला अस्पताल में मौत

**कन्नौज।** बाइक से गिर कर बुजुर्ग के सिर में चोट लग गई। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लाये जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हरदोई जनपद के थाना मल्लावा गांव रहीमपुर नुनारी निवासी जदुनाथ(76) पुत्र रामलाल कुछ दिन पहले बाइक से जा रहे थे। उसी समय सांडी रोड पर वह दुर्घटना में घायल हो गये। उनके सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार आया। इस के बाद परिजन घर लाये। गुरुवार की सुवह उनकी हालत बिगड गई। परिजन उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उनका फरचार शुरू किया गया। 11 :30 बजे के करीव उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत

**कन्नौज।** जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत हो गई।सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव आसकरनपुर्वा निवासी नितिन कटियार (33) पुत्र विनोद कटियार ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ पी लिया। इससे उनकी हालत बिगड गई। जानकारी पर परिजन उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। युवक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### फर्जी परीक्षार्थी पर केन्द्र व्यवस्थापक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** फर्जी परीक्षार्थी बन कर यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने पहुंचे युवक को आंतरिक सचल दल ने पकड़ लिया था। इसके बाद केन्द्र व्यवस्थापक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ब्लाक तालग्राम के ग्राम मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक राहुल भदौरिया ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नौली नंदपुर के श्यामा देवी आदर्श जनता इंटर कालेज के परीक्षार्थी मो. कैश के स्थान पर उसका भाई फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज ग्राम जरारी निवासी सलमान को परीक्षा देते पाया गया। जिसे आंतरिक सचल दल ने पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### घर से शौच के लिए निकला बुजुर्ग लापता

**सौरिख।** घर से शौच की बात कह कर निकाला बुजुर्ग काफी देर तक वापस नहीं लौटा। थाना क्षेत्र के भावलपुर चौकी के गांव कुतुबपुर निवासी शिवपाल सिंह पुत्र स्व. बसंत सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 19 फरवरी की शाम लगभग 8 :30 बजे बड़ा भाई विजय सिंह (60) घर से शौच जाने की बात कह कर निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

# 'सरकार ने अन्नदाताओं के हितों को सर्वोपरि रखा'

संवाददाता छिबरामऊ

● विधायक अर्चना पांडे ने प्रेस वार्ता कर गिनाईं बजट की खूबियां

● किसानों, युवाओं और मानदेय कर्मियों के लिए बताया ऐतिहासिक

**अमृत विचार।** विधायक अर्चना पांडे ने हाल ही में पेश किए गए केंद्रीय बजट को सरकार के संकल्प से सिद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। विधायक ने इसे न केवल जनकल्याणकारी, बल्कि प्रदेश के भविष्य को संवारने वाला बजट करार दिया।


बजट के बारे में जानकारी देतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

विधायक ने कहा कि सरकार ने अन्नदाताओं के हितों को सर्वोपरि रखा है। निजी नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली, बिल माफी की व्यवस्था की गई है, जिससे खेती की लागत कम होगी। सरकार का लक्ष्य है कि सिंचाई के अभाव में कोई भी खेत खाली न रहे। शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, वे सराहनीय हैं। यह कदम उनके मनोबल को बढ़ाएगा और शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। बेरोजगारी के मुद्दे पर कहा कि यह बजट युवाओं को 'नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला' बनाने पर केंद्रित है। युवाओं के लिए अपना स्टार्टअप या छोटा उद्योग शुरू करने को बिना गारंटी और कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए विशेष फंड का आवंटन किया गया है। युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों के विस्तार की बात भी उन्होंने दोहराई। विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, चेयरमैन मनोज दुबे, पूर्व जिला पंचायत जीतू शाक्य, पूर्व कोषाध्यक्ष रामानंद वर्मा, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, सभासद पंकज दुबे मौजूद रहे।

# कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के डेमो चेक दिए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 129 शिकायतों में 10 का निस्तारण

● सबसे अधिक 62 प्रकरण राजस्व विभाग के आए, पुलिस का दूसरा नंबर

**अमृत विचार।** सदर तहसील सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें 129 शिकायतें आईं जिसमें 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में उमेश चंद्र एवं पारस सिंह की पत्नी सुनीता को 05- 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के डेमो चेक दिए गए।

शनिवार को अधिकारियों ने गोविंद कुमार, अंजना, रोहन एवं दिनेश के अभिलेखों में नाम एवं पते का संशोधन कर उन्हें खतौनी उपलब्ध कराई। बताया गया है कि अब यह किसान फॉर्मर रजिस्ट्री योजना का लाभ ले सकेंगे। समाधान दिवस में सबसे अधिक 62 मामले राजस्व विभाग के आए जिसमें 09 का निराकरण हुआ। बिजली के 11 में 01 प्रकरण निस्तारित हुआ। पुलिस के 30, विकास विभाग के 09, चकबंदी व पूर्ति विभाग के 05- 05, नगर पालिका, समाज कल्याण, कृषि विभाग, डूडा व एलडीएम की 01- 01 व दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग की 02 शिकायतें आईं। एसपी विनोद कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, एसडीएम सदर वैशाली मौजूद रहीं।


सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान संशोधित खतौनी देते मंत्री असीम अरुण, साथ में मौजूद डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य अधिकारी।

### तिर्वा में एडीएम ने 9 प्रकरण निपटाए

■ **तिर्वा।** एडीएम देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 69 प्रकरण आए जिसमें 09 का मौके पर निस्तारण किया गया। बताया गया है कि सबसे अधिक शिकायतें राजस्व संबंधी आईं। इस अवसर पर तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ कुलवीर सिंह मौजूद रहे।

### छिबरामऊ में 107 शिकायतों में 20 का निस्तारण

■ **छिबरामऊ, कन्नौज।** मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें राजस्व विभाग की 55, पुलिस से 29, विकास से 07, पूर्ति विभाग की 6 बिजली विभाग की 03 व अन्य विभागों से 07 शिकायत आईं। कुल 20 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। जमीन के प्रकरणों में पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया। अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे।

## सरकारी बंटवारे के चिन्ह मिटाए

**तिर्वा।** सरकारी बंटवारे में की गई निशानदेही को मिटाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उपजिलाधिकारी के न्यायलय में पट्टी पवोरा निवासी शिवराम पुत्र कन्हई ने परिवार की जमीन की बंटवारे के लिए वाद दाखिल किया था। उपजिलाधिकारी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कुरा बना कर बंटवारा करवा दिया। अदालती आदेश के बाद राजस्व कर्मियों की टीम ने खेत का बंटवारा कर चिन्ह लगा दिया। कुछ समय बाद सरमन, कमलेश ने राजस्व कर्मी द्वारा लगाए गए निशान को मिटा दिया। सरमन ,कमलेश ,सरमन की पत्नी सोनी तथा कमलेश की पत्नी शीतला के खिला रिपोर्ट दर्ज की गई।

# बटाई पर खेत न देने पर जान से मार देने की धमकी

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** बटाई पर खेत न देने पर खेत मालिक को घर पर जाकर जान से मार देने की धमकी दी गई।

थाना क्षेत्र के गांव नगला ड़डुअन निवासी प्रकाश चंद्र पुत्र स्व. भूपनारायण ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर बताया कि पत्नी शिववती के नाम 5 बीघा जमीन है। उसे उसने गांव के राकेश पुत्र फूल सिंह को बटाई पर दिया था। इस वर्ष राकेश को खेत देने से मना कर दिया। 19 फरवरी की सुबह राकेश उसके घर पर अपनी पत्नी व गांव के कुछ लोगों के साथ आया और सिफारिश करने लगा कि खेत उसे ही बटाई पर दिया जाए।

इस पर उसने मना कर दिया जिससे राकेश नाराज हो गया और उसके साथ उपरोक्त लोगों के सामने गालीगलौज व मारपीट करने लगा। गांव के लोगों ने मना किया तो चला गया। लगभग आधे घंटे बाद वह शराब के नशे में अकेले घर पर आया। उस समय वह भी घर पर अकेला था। राकेश गाली देने लगा और उसके बाद उसने सीने पर तमंचा लगाकर कहा, 'अगर तुमने खेत मुझे नहीं दिया तो तुम्हें जान से मार दूंगा तथा किसी अन्य को अगर खेत दिया गया तो उसे भी मार दूंगा।

## ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल, रेफर

**तिर्वा।** ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से घर लौट रहे साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

शनिवार को तीसरे प्रहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिनौरा निवासी रामदास पुत्र बालकिशन साइकिल से तिर्वा आया था। कलावती धर्मशाला के सामने आलू से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने साइकिल सवार को कुचल दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।जहां प्रथमिक उपचार के बाद गभीर अवस्था में इलाज के लिए कानपुर भेजा।

# देशभक्ति की भावना को जाति-धर्म से ऊपर रखें : इंदिरा

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नेहरू कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों ने डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया किया। इस दौरान मुख्य अतिथि इंदिरा दुबे ने स्वयंसेवकों को देशभक्ति की भावना को जाति-धर्म से ऊपर रखने की सलाह दी।

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने धर्म के दस लक्षणों—धैर्य, बुद्धि, विद्या, शौर्य, सत्य, अहिंसा, पवित्रता, इंद्रिय-संयम, क्षमा एवं अनुशासन का उल्लेख करते हुए अंधविश्वास दूर करने एवं बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की। ग्राम प्रधान सितारा बेगम ने शिविर में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रो. उदय पाल सिंह ने सामुदायिक सेवा के महत्व एवं निस्वार्थ भावना पर जोर दिया। डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने एनएसएस के इतिहास, उद्देश्यों एवं शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की।


छात्र-छात्राओं को जानकारी देतीं मुख्य अतिथि इंदिरा दुबे। अमृत विचार

गोष्ठी

एसपी ने पुलिस लाइन में ली अपराध समीक्षा बैठक, सैनिक सम्मेलन में सुनी समस्या, कराया निस्तारण

# संवेदनशील मामलों में पुलिस न बरते लापरवाही

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अपराधों पर अंकुश लगाने व कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिये एसपी ने थाना कोतवाली प्रभारियों व की बैठक ली। इस दौरान हुए सैनिक सम्मेलन में शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण कराया गया।

गुरुवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिसकर्मियों की समस्याओं, कल्याणकारी विषयों, अनुशासन, ड्यूटी के दौरान सतर्कता, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार तथा विभागीय नियमों के पालन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों के कार्य निष्पादन, आपसी समन्वय, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, पुराने एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, शिकायत प्रकोष्ठ एवं आईजीआरएस से संबंधित मामलों की प्रगति, तीन दिवस से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण तथा हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पाक्सो, चोरी एवं गो-तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त एनसीआर प्रकरण, जारी एनबीडब्ल्यू, साइबर अपराध, यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य, प्रचलित अभियान, यातायात व्यवस्था, प्रस्तावित गैंगस्टर मामलों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए उच्च मनोबल के साथ ड्यूटी करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा/लाइन्स कुलवीर सिंह, जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया गया।


पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक लेते एसपी, एएसपी व थाना कोतवाली प्रभारी।

## 24, 25, 28 को निपटेंगी भूमि संबंधी समस्याएं

**कन्नौज।** उप संचालक चकबन्दी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र ने बताया कि सदर तहसील के ग्राम पंचायत कुसुमखोर बांगर में 24 फरवरी को तथा तहसील तिर्वा के ग्राम पंचायत हसेरन परगना सकतपुर में 25 को दोपहर बाद तीन बजे ग्राम चौपाल में चकबन्दी अधिकारीचकबन्दी लेखपाल मय अभिलेखों के उपस्थित रहेंगे। जिन कृषकों की भूमि से संबंधित समस्यायें हैं, वह ग्राम चौपाल में उपस्थित होकर निराकरण करा सकते हैं। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रेशमा सहाय ने बताया कि सदर तहसील के ग्राम पंचायत गंगधरापुर में 24 फरवरी तथा ग्राम पंचायत मिरगावां में 28 फरवरी को 03 बजे ग्राम चौपाल लगेगी।


तहसीलदार के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली। अमृत विचार

# स्वीप कार्यक्रम के तहत निकली मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** तिर्वा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है।रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। तहसीलदार अवनीश सिंह की अगुवाई में रैली तहसील परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के गांधी नगर चौराहे पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के हमले में तीन मजदूर घायल

**कन्नौज।** सकरावा-किशनी मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के दौरान मधुमक्खियों के हमले में तीन मजदूर घायल हो गए। घटनाक्रम के अनुसार शनिवार को सौरिख थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर निवासी पप्पू (50), आरिफ़ (49) और फिरोज (45) अपने साथियों के साथ सकरावा-किशनी मार्ग पर गिट्टी इकट्ठा कर रहे थे। इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख ले जाया गया।

### युवक ने बाथरुम में लगाई फांसी

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नादेमऊ कस्बे में एक युवक ने अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल की। प्रबल उर्फ ऋषि (34) पुत्र विजय शंकर शास्त्री अपने पिता का इकलौता बेटा था। घटना के समय वह घर में अकेला था। सुबह जब वह घर से बाहर नहीं निकला। घर वालों के पहुंचने पर आसपास के लोग छत के रास्ते घर में घुसे। उन्होंने बाथरूम के कुंडे में प्रबल का शव फंदे पर लटका देखा, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस जांच कर रही है।

# कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 28 लाभार्थियों को 1.36 करोड़ रुपये मिले

## तहसील कन्नौज के 04, छिबरामऊ के 19 एवं तिर्वा के 05 पात्रों को सांकेतिक चेक दिए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कृषक की मौत पर 05 लाख व घायल को 2.50 व 1.25 लाख रुपये मिलते

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 28 लाभार्थियों को 01 करोड़ 36 लाख रुपये का वितरण किया गया। लखनऊ से शुरू हुए धनराशि वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी में दिखाया गया।

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में तहसील कन्नौज के 04, छिबरामऊ के 19 एवं तिर्वा के 05 लाभार्थियों को योजना का लाभ सांकेतिक चेक वितरित कर दिया गया। सीडीओ ने कहा कि इस योजना के तहत यदि कोई किसान दुर्घटना में मृत्यु का शिकार होता हैं, तो उसके परिवार को 05 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इसके अलावा दुर्घटना में 50 प्रतिशत दिव्यांगता पर 2.5 लाख एवं 25 प्रतिशत दिव्यांगता पर 1.25 लाख रुपये मिलते हैं। योजना के पात्रता में कृषक/ लाभार्थी की आयु 18 से 70 वर्ष होनी चाहिए। कृषक, बटाईदार, पटट्दार की दुर्घटनावश मृत्यु/ दिव्यांगता की स्थिति में योजना का लाभ मिलता है। कृषक बटाईदार, पट्टेदार की आग लगने, बिजली गिरने, करंट लगने, सांप के काटने, जीव-जंतु/ जानवर द्वारा काटने/ मारने/ आक्रमण से, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने, आंधी-तूफान, वृक्ष से गिरने/ दबने, मकान गिरने रेल/ रोड/ वायुयान/ अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भूस्खलन भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोटक, सीवर चैंबर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/ दिव्यांगता पर कृषक/ विधिक वारिस को लाभ प्रदान किया जाता है।



मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का सांकेतिक चेक देते सीडीओ राम कृपाल चौधरी। अमृत विचार

### अधिकतम 3 माह में आवेदन करना जरूरी

- मृतक के दावेदार संबंधित तहसील में अधिकतम 03 माह में ऑनलाईन/ ऑफलाइन आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन https://bor-up-nic-in पर किया जा सकता है। आवेदन के साथ खतौनी प्रमाण पत्र, बटाईदार एवं पट्टेदार के संबंध के प्रमाणक, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अथवा जहां पोस्टमार्टम नही हैं वहां पर पंचनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा दिव्यांगता की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल तथा मोबाइल नंबर दस्तावेज आवेदन में संलग्न किए जाते हैं।

# टीम ने रोका तो कारोबारी भागा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी घायल

संवाददाता छिबरामऊ

- रोकने पर बढ़ाई बाइक की गति, उलझकर काफी दूर तक घिसटे अफसर
- चेकिंग अभियान के दौरान हुई घटना, 35 किलो मिलावटी पनीर बरामद

**अमृत विचार।** थाना विशुनगढ़ क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बड़ी घटना हो गई। विशुनगढ़ के रामलीला मैदान के निकट चेकिंग कर रही खाद्य विभाग की टीम ने रुकने का इशारा किया तो अपमिश्रित पनीर ले जा रहा बाइक सवार भागने लगा। इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बंधी रस्सी से उलझकर काफी दूर तक घिसटकर घायल हो गए। खाद्य कारोबारी मौके से फरार हो गया। घटना में रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गई है।

शनिवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू और अनिल कुमार राठौर की टीम क्षेत्र में सैंपलिंग और जांच की कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान टीम के सामने मोटरसाइकिल (हीरो होंडा) पर एल्युमीनियम के केन में खाद्य पदार्थ ले जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। अधिकारी द्वारा परिचय देने और रुकने का संकेत देने पर कारोबारी ने पहले बाइक धीमी की, लेकिन अचानक रफ्तार बढ़ा दी। बाइक में बंधी रबर की रस्सी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के हाथ में फंस गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और काफी दूर तक बाइक के साथ घिसटते चले गए। श्रीवास्तव के कोहनी, घुटने और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। अधिकारी के चोटिल करने के बाद आरोपी कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकला। मौके पर बाइक से लगभग 35 किलो संदिग्ध मिलावटी पनीर बरामद हुआ। जनहित में स्वास्थ्य को खतरा देखते हुए टीम ने इसे तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया। सरकारी कार्य में बाधा डालने और अधिकारी को गंभीर चोट पहुंचाने के संबंध में स्थानीय पुलिस को अज्ञात कारोबारी के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच और आरोपी की तलाश कर रही है।

## तमंचा लगा कर जान से मारने की धमकी

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश में ग्रामीण को रास्ते में घेर कर तमंचा लगा कर जान से मार देने की धमकी दी गई।

सदर कोतवाली के जसौली गांव निवासी मुईदजमा खान पुत्र मतीन खां ने गांव के ही निवासी नौशाद खां पुत्र दिलशाद खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह पेशे से अधिवक्ता है। उसने सीजेएम न्यायालय में उक्त आरोपी के खिलाफ 08 माह पहले मुकदमा दर्ज कराया था।

## सहायक लेखाकार ने चौकीदार को पीटा

**कन्नौज।** यूपी सिंडकों के चौकीदार को विभागीय सहायक लेखाकार ने शराब न लाने पर पीट दिया। मामले की रिपोर्ट चौकीदार ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई है।

यूपी सिडको के कन्नौज कार्यालय में संविदा पर चौकीदार के पद पर तैनात अवधेश पुत्र राम औतार निवासी महाचंदापुर कोतवाली कन्नौज ने अधीक्षण अभियंता यूपी सिडको इंदिरा नगर कल्यानपुर कानपुर के सहायक लेखाकार प्रति नियुक्ति पर तैनात सागर पोरवाल पर शराब के नशे में पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में कहा कि 13 फरवरी को सहायक लेखाकार फर्रुखाबाद से लौटते समय 3:30 बजे कन्नौज कार्यालय आये। नशे में उन्होंने शराब लाने को कहा। मना करने पर गालीगलौज किया। कहा, मै अधिकारी हूं जो कहता हूं उसे करो। इसके बाद उन्होंने जाति सूचक गाली दी। मुर्गा बनने को कहा। इस के बाद जबरन उसको मुर्गा बना दिया। इसके बाद पिटाई की। पिटाई से बचने के लिये भागा तो जूता फेंक कर मारा।

# जल्द मिलेगा ट्रामा सेंटर: असीम अरुण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मंत्री बोले, विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भी बनाया जाएगा
- मुख्यमंत्री करेंगे तीनों तरह की पेंशन बढ़ाने का ऐलान

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शहर के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहा है कि सरकार की ओर से जनपद को जल्द ही ट्रामा सेंटर मिलने वाला है। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भी बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृद्धावस्था, दिव्यांग व निराश्रित महिला पेंशन एक हजार रुपये प्रतिमाह से और बढ़ाने का ऐलान करने वाले हैं।

शनिवार को उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार का बजट सत्र समापन हो गया है। यह सत्र विकासोन्मुख, समावेशी एवं जनहितकारी है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया है। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 'सरदार पटेल इंप्लायमेंट जोन हर जिले में बनेगा। कृषि क्षेत्र में डीजल पंपों के स्थान पर सोलर पंपों को बढ़ावा दिया जा रहा है। कम वेतन पाने संविदा कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट में विशेष महत्व दिया गया है। जनपद में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के माध्यम से स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा सरकार व उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल हैं। मंत्री ने मीडिया सेंटर एवं प्रेस क्लब निर्माण कराने को लेकर भी चर्चा की। इसमें दो स्थानों का सुझाव भी दिया गया। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण का निर्धारण कोल्ड संचालकों व किसानों की बैठक से किया जाता है।


शहर के सर्किट हाउस में जानकारी देते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, साथ में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य लोग। अमृत विचार

### 25 से तीन जिलों में शुरू होगी संवाद सेतु सेवा

- मंत्री ने कहा है कि कन्नौज, हरदोई व गाजियाबाद में 25 फरवरी से संवाद सेतु सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए ऑपरेटर्स को ट्रेनिंग मिलेगी। वेबसाइट पर नंबरों आदि की डिटेल डाली जाएगी। जो अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाएंगे उसको लेकर यह नया अभियान है। संवाद सेतु के लिए कॉल सेंटर में कॉल जाएगी, वह उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे।

## गृह विज्ञान व इतिहास की परीक्षा संपन्न

**कन्नौज।** जिले के 96 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान का इम्तिहान हुआ। इसमें पंजीकृत 5915 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5434 उपस्थित रहे। 481 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में इतिहास विषय की परीक्षा 38 केंद्रों पर संपन्न हुई। इसमें 477 उपस्थित हुए और 23 अनपुस्थित रहे।

## वोट के लिए आज सभी बूथों पर विशेष अभियान

**कन्नौज।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 22 फरवरी यानि आज विशेष अभियान है। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि जिलेभर के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ सुबह 10:30 से दोपहर 01:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

## कॉलेज का शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक बाजपेयी तथा बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र आनित्य सिंह का संयुक्त शोध कार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका वेले में प्रकाशित हुआ है। यह शोध "ड्रोन (यू ए वी) नेविगेशन एवं सुरक्षित स्वायत्त मार्ग नियोजन" विषय पर आधारित है। शोध में ऐसी उन्नत तकनीक विकसित की गई है, जिसके माध्यम से ड्रोन जटिल, भीड़भाड़ वाले और जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में भी सुरक्षित व सटीक तरीके से संचालित हो सकते हैं। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि यह तकनीक कम संसाधनों वाले ड्रोन प्लेटफॉर्म पर भी सफलतापूर्वक लागू की जा सकती है, जिससे कम लागत में विश्वसनीय ड्रोन प्रणाली विकसित करना संभव होगा। इससे स्मार्ट सिटी, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों को तकनीकी मजबूती मिलेगी। विशेष बात यह है कि इस शोध में बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र की सक्रिय भागीदारी रही।

**मानदेय बढ़ा** | एक अप्रैल से मानदेय 10 हजार से बढ़कर 18 हजार रुपये मिलेगा

# 1272 शिक्षामित्रों को होली से पहले सौगात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिक्षामित्रों ने जताई खुशी, आगे भी बढ़ोत्तरी जारी रखने की मांग

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार कर दिया है। इसका लाभ पहली अप्रैल से मिलने लगेगा। इससे जनपद के 1272 शिक्षामित्र लाभान्वित होंगे। यह होली से पहले की सौगात मानी जा रही है। शिक्षामित्र काफी दिन से कम मानदेय पर काम कर रहे थे। बजट सत्र में सीएम ने कई ऐलान किए हैं। इससे कर्मचारियों में खुशी है।

नए वित्तीय वर्ष से शिक्षामित्रों को लाभ मिलेगा। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जनपद में 1272 शिक्षामित्र तैनात हैं। अब तक 10 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता रहा है। विभागीय आदेश आने के बाद मानदेय में 08 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। आदर्श शिक्षक शिक्षामित्र एसोसिएशन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व उमर्दा विकास खंड इलाके के प्राथमिक विद्यालय बद्धापुर्वा के शिक्षामित्र मोहम्मद यूसुफ वारसी का कहना है कि प्रदेश के हजारों शिक्षामित्रों के लिए मानदेय बढ़ने की खबर अच्छी है। शिक्षामित्रों ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। उन्होंने आगे भी शिक्षामित्रों के हितों को संरक्षित करने की मांग भी रखी है।

सदर विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गूरा के सहायक अध्यापक व पूर्व जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन मानवेंद्र सिंह कहते हैं कि ज्यादातर शिक्षामित्र बीटीसी किए हैं। 40 फीसदी टेट पास हैं। उस हिसाब से सरकार को शिक्षामित्रों का मानदेय कम से कम 25 से 30 हजार रुपये करना चाहिए था। हालांकि शिक्षामित्रों की विषम परिस्थिति में मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। जलालाबाद के पीएस दानेहार के शिक्षामित्र व जिला महामंत्री आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रभाकर सिंह का कहना है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा देना भी शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइया व अन्य कर्मचारियों आदि के हित में है। कन्नौज क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल कपूरापुर की शिक्षामित्र व जिलामहामंत्री शिक्षामित्र संघ रजनी सिंह ने भी सीएम के निर्णय की सराहना की है। गुगरापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल नरेंद्रपुर के शिक्षामित्र व आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजीत दीक्षित का तर्क है कि अब सरकार शिक्षामित्रों को 12 माह का मानदेय और 62 साल की सेवा तथा प्रत्येक वर्ष मंहगाई के तहत मानदेय बढ़ोत्तरी का नियम भी पारित करे।


रजनी सिंह।


अजीत दीक्षित।


मानवेंद्र सिंह।



## न्यूज ब्रीफ

### तीन ट्रक व दो स्कूल वैन सीज

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल ढोते हुये तीन ट्रक सीज किये गये व उन पर 95 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार स्कूली बच्चे ढोते हुये एक मारुति वैन तथा एक बोलेरो सीज की गई व इन पर 61 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। शनिवार की कार्रवाई में परिवहन विभाग द्वारा 1.56 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी युवक-युवतियों के भरवाएं फॉर्म- 6

**फर्रुखाबाद।** जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि मतदाता नामावली गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 22 फरवरी को होने वाले विशेष अभियान दिवस होगा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि 22 फरवरी को सभी बीएलओ अपने बूथों पर रहकर मतदाता सूची पढकर सुनाएंगे। साथ ही 18 वर्ष पूरे कर चुके युवक एवं युवतियों के फॉर्म 6 भरवाएंगे,नाम अपमार्जन हेतु फार्म 7 मतदाता सूची में शुद्दीकरण, स्थांतरण, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हीकरण हेतु फार्म 8 भराएंगे।जिलाधिकारी ने सभी से अपील कि कि गया कि वह अपने क्षेत्र में मेंव सभी लोगों की फार्मर रजिस्ट्री कराएं, बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में फार्म भरवाकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करें, पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाये, फैमली आईडी बनवा सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि कुठला झील के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, अमृतपुर निवासी इंद्रजीत पुत्र रामदास कुशवाहा अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। कुठला झील के समीप पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से इंद्रजीत सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल इंद्रजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कुठला झील मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।

### परिजनों की गुहार पर युवती की गुमशुदगी दर्ज

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने के मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अमीराबाद बमियारी, पोस्ट सबलपुर, थाना राजेपुर निवासी लल्लन ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री संगीता 11 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 3 बजे घर से चली गई थी। तब से वह वापस नहीं लौटी है और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका हैराजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### वॉटर हीटर रॉड से किशोरी झुलसी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भोलेपुर अंधेर बाग में कशोरी आकांक्षा पुत्री रनजीत पानी गर्म करते समय वॉटर हीटर रॉड से गम्भीर रूप से झुलस गयी। उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। झुलसी आकांक्षा के रिश्तेदार शिवकुमार ने शनिवार सबेरे बताया कि आकांक्षा वॉटर हीटर रॉड से पानी गर्म कर रही थी। इसी दौरान गर्म पानी उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि आकांक्षा को गंभीर रूप से जली हुई हालत में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।, किशोरी लगभग 60 प्रतिशत जल गई है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज जारी है।

# होली से पहले खोवा प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

## मिलावट खोरों पर कार्रवाई ,खाद्य सुरक्षा विभाग ने 60 किलो खोवा किया नष्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद



चौक पर खोवा की जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिलावट व मिलावट खोरों पर लगाम लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा टीम ने हाली के त्योहार से पूर्व जिले में खोवा प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। टीम की कार्रवाई में 60 किलो मिलावटी खोवा नष्ट किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 15,600 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

सहायक आयुक्त (खाद्य) अजीत कुमार के निर्देश और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह और बृज मोहन गुप्ता की टीम ने चौक स्थित खोया मंडी में छापेमारी की। टीम ने खोवा आढ़त चलाने वाले विनोद कुमार गुप्ता और खोया विक्रेता प्रमोद कुमार से खोवा के नमूने संकलित किए। कार्रवाई के दौरान, कुछ अन्य खाद्य कारोबारकर्ता अपना लगभग 45 किलोग्राम खोवा (अनुमानित मूल्य 11,700 रुपये) जमीन पर फेंककर मौके से भाग गए।

टीम ने जनहित में इस खराब खोवा को उपयुक्त स्थान पर गड्ढे में दबाकर नष्ट करा दिया। वहीं शमशाबाद में 15 किलो मिलावटी खोवा नष्ट किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगामी होली पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिले के अन्य स्थानों पर भी मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## दो महिलाओं ने सराफे की दुकान से की चोरी

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला के 500 रुपये और सोने की अंगूठी चोरी हो गई। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो महिलाएं पॉलिथीन उठाते हुए दिख रही हैं।

जानकारी के अनुसार, जैनापुर निवासी प्राचीनी नसरीना अपने भांजे के साथ राजेपुर बाजार में एक सराफा दुकान पर खरीदारी करने आई थीं। उन्होंने अपने पर्स में एक सोने की अंगूठी, नाक की बाली और लगभग 500 रुपए नगद एक पॉलिथीन में रखे थे। कुछ देर बाद जब प्रार्थनी वापस दुकान पर पहुंचीं, तो उन्हें वह पॉलिथीन वहां नहीं मिली। दुकानदार से पूछताछ के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। फुटेज में दो अज्ञात महिलाएं उस पॉलिथीन को उठाकर ले जाती हुई स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। घटना की सूचना राजेपुर पुलिस को दे दी गई है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# लिंजीगंज में ट्रक घुसने से घंटों लगा रहा जाम, लोग हुए बेहाल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग से लेकर पल्ला मठिया और मुख्य चौक तक का मार्ग आए दिन जाम की गिरफ्त में रहता है। प्रशासन और नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बावजूद आमजन को राहत मिलती नहीं दिख रही है। शनिवार को लिंजीगंज व रेलवे स्टेशन के आसपास लगे भीषण जाम ने एक बार फिर यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी।

शहर के लिंजीगंज किराना बाजार में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक ट्रक के प्रवेश करने से भीषण जाम लग गया। किराना का सामान लेकर बाजार में घुसे इस ट्रक के कारण ग्राहकों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में ट्रक के घुसने के बाद स्थिति और बिगड़ गई जब दूसरी तरफ से एक पिकअप भी आ गई। इसी दौरान एक लोडर भी सडक पर सामान लोड करने लगा, जिससे



लिंजीगंज में ट्रक घुसने से लगा जाम। अमृत विचार

- रेड लाइटों को दरकिनार का फर्राटा भरते ई-रिक्शा

आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। इस भीषण जाम में बाइक सवारों, ई-रिक्शा चालकों और पैदल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रेलवे रोड पर भी लोगों को जाम से जूझना पड़ा। जाम से रेलवे रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोपहिया, चारपहिया, ई-रिक्शा और भारी वाहनों के बीच फंसे लोग घंटों तक जूझते रहे। स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर पहुंचने की जल्दी में कर्मचारी और मरीजों को लेकर जा रहे परिजन—सभी को भारी कई स्थानों पर तो एंबुलेंस तक को रास्ता नहीं मिल सका।नगर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर हाल ही में रेड लाइटें स्थापित की गईं, लेकिन सडक़ें चौड़ी किए बिना सिग्नल व्यवस्था लागू करने से स्थिति और उलझ गई है। संकरी सडक़ों पर सिग्नल के कारण वाहनों की कतारें तेजी से बढ़ जाती हैं।व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, मासूम की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां, दादी, बड़ा भाई और ई-रिक्शा चालक समेत अन्य सवारियां घायल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज नारायण दास निवासी पूजा पत्नी अभिजीत तिवारी अपने तीन वर्षीय पुत्र तेजांश, 13 वर्षीय पुत्र चेतन और तेजांश की दादी रीता के साथ आवास विकास स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग ई-रिक्शा से अपने घर वापस लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि जैसे ही ई-रिक्शा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में तीन वर्षीय तेजांश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।हादसे में पूजा, उनकी सास रीता, बड़ा पुत्र चेतन तथा ई-रिक्शा चालक सोनू समेत अन्य सवारियां भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# सांसद की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शनिवार को तहसील सदर परिसर में जनसमस्याओं के समाधान हेतु “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मुकेश राजपूत ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते सांसद मुकेश राजपूत, डीएम व अन्य।

की कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा पीडितों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो। सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई करते हुए फरियादियों का फीडबैक भी लिया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शिकायतकर्ता संतुष्ट है और उसे वास्तविक राहत मिली है।पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## समाधानदिवसमें 56 शिकायतें मिलीं, पांच का निस्तारण

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की।

प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त, विद्युत और पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। गांव भैसरी के निवासी जयसिंह ने अपर जिलाधिकारी से अपने खेत पर अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि भूमाफिया किस्म के लोग उनके खेत पर कब्जा किए हुए हैं और कई बार शिकायत के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। अपर जिलाधिकारी ने

- अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुनी गईं शिकायतें

सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याओं का पारदर्शी समाधान सरकार की पहली प्राथमिकता है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बहुरेंगे बघार नाला के दिन, एक करोड़ से होगा कायाकल्प

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बघार नाले के दिन अब बहुरेंगे। एक करोड़ रुपये से इस नाले का कायाकल्प होगा। नाले को ‘एक जनपद एक नदी’ योजना के तहत चयनित किया गया है। वर्ष 1912 के गजट में 52 किलोमीटर लंबी नदी के रूप में दर्ज होने के कारण इसका चयन हुआ है।

शहर का दायरा बढने और पानी के उचित निकास प्रबंधन के अभाव में कई नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए शासन द्वारा ‘एक जनपद एक नदी’ का चयन किया जा रहा है। जनपद में अभिलेखों की जांच के दौरान बघार नाला 1912 के गजट में 52 किलोमीटर लंबी नदी के रूप में दर्ज पाया गया। इसके बाद सिंचाई विभाग ने इसे ‘एक जनपद एक नदी’ में नामित कर प्रस्ताव शासन



बघार नाला।

को भेजा था। यह नाला कमालगंज क्षेत्र के फतेहपुर कायस्थान गांव से लेकर नवाबगंज के अद्दूपुर गांव तक लगभग 52 किलोमीटर लंबा है। शासन ने बघार नाले को नदी के रूप में चयनित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे इसके कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त हो गया है।सिंचाई विभाग द्वारा इसकी सफाई और अन्य कार्य कराए जाएंगे, जिस पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त, वन विभाग नदी के दोनों तटों पर पौधारोपण करेगा। लघु सिंचाई विभाग जल संरक्षण के लिए चेकडैम जैसे कार्य कराएगा। नदी के निकटवर्ती गांवों में मनरेगा के तहत तालाबों की खुदाई और नालों का निर्माण भी प्रस्तावित है। हालांकि, शासन से मिलने वाला बजट मुख्य रूप से नदी की सफाई पर खर्च होगा, जबकि अन्य विभागों के कार्यों की कार्ययोजना अलग से बनाई जाएगी।सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्ण कुमार ने बताया कि बघार नाले का चयन ‘एक जनपद एक नदी’ योजना में शासन द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि यह 1912 के गजट में नदी के रूप में दर्ज है। इसकी सफाई के लिए एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें से लगभग 60 से 70 लाख रुपये जल्द ही शासन से मिलने की उम्मीद है।

## टेंट का पोल एचटी लाइन से टकराया

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के राजा रामपुर मई गांव में शनिवार को एक युवती की बारात आनी थी। शादी की तैयारियों के दौरान टेंट का सामान उतारते समय लोहे का एक पाइप ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से छू गया।इस घटना में पाइप में करंट दौड़ गया, जिससे युवक सहित तीन बालक झुलस गए।

यह घटना स्वर्गीय दयाराम की बेटी रेशम की शादी के लिए चल रही तैयारियों के बीच हुई। पंडाल लगाने के लिए टेंट का सामान लेकर गाड़ी पहुंची थी। युवती का मौसेरा भाई, 28 वर्षीय राजू पाल, टेंट का सामान उतार रहा था। इस दौरान एक बालक भी गाड़ी पर चढ़ गया। सामान उतारते समय लोहे का पाइप हाई टेंशन लाइन से छू गया, जिससे उसमें करंट दौड़ गया। राजू पाल के साथ-साथ 5 वर्षीय राज, 7 वर्षीय युवराज और 9 वर्षीय देव भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# होली-रमजान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को पुलिस प्रशासन मुस्तैद

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी होली और रमजान त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुलाई गई थी।

ए थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने दोनों समुदायों के संभ्रांत नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने होली को रंगों और खुशियों का त्योहार तथा रमजान को इबादत और संयम का महीना बताया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों से इन त्योहारों को आपसी प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर



नवाबगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिक। अमृत विचार

ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कड़े निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई ग्राम प्रधानों और स्थानीय समाजसेवियों ने भाग लिया।

इस दौरान क्राइम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार राय, उपनिरीक्षक जगराम सिंह सहित आदेश राठौर, साजिद अली, विजय बर्मा, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक किया और ऐसे किसी भी कार्य से बचने की सलाह दी, जिससे वे ठगी का शिकार हो सकते हैं।

**खुशखबरी** सांसद मुकेश राजपूत ने संसद में उठाई थी मांग, डॉ. राम मनोहर लोहिया के दौर में बने थे पुराने पुल

# गंगा-रामगंगा पर नए पुल निर्माण का प्रस्ताव वार्षिक योजना में शामिल

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फर्रुखाबाद जनपद को गंगा व रामगंगा पर नये पुल की सौगात मिलने वाली है। सांसद मुकेश राजपूत ने संसद में दोनों नदियों पर नये पुल की मांग उठाई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग-730सी पर गंगा और रामगंगा नदियों पर नए पुलों के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार की वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 में शामिल कर लिया गया है।



सांसद मुकेश राजपूत।

केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 16 फरवरी 2026 को जारी पत्र में सांसद के 8 दिसंबर 2025 के पत्र का संदर्भ देते हुए स्पष्ट किया गया है कि पुल निर्माण का प्रस्ताव वार्षिक योजना में सम्मिलित है और वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसे स्वीकृत किया जाना लक्षित है। गौरतलब है कि फर्रुखाबाद से सांसद रहे प्रख्यात समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया के कार्यकाल में ही गंगा और रामगंगा पर इन पुलों का निर्माण कराया गया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। उस दौर में इन पुलों का निर्माण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना गया था, जिसने फर्रुखाबाद को प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दशकों तक इन पुलों ने व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संपर्क को नई दिशा दी। समय के साथ यातायात का दबाव कई गुना बढ़ चुका है। ऐसे में नए और आधुनिक पुलों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

सांसद मुकेश राजपूत ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए केंद्र सरकार से पत्राचार किया, जिसका परिणाम अब सामने आया है।

### देवरामपुर-व ठंडी सड़क रेलवे ऊपरगामी सेतु को केंद्र की स्वीकृति

**फर्रुखाबाद।** देवरामपुर-व ठंडी सड़क स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रेलवे ऊपरगामी सेतु (आरओबी) के लिए लगभग 97 करोड़ की निधि स्वीकृत कर दी गई है। सांसद मुकेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण कार्य मार्च 2026 से शुरू होने की संभावना है। देवरामपुर-व ठंडी सड़क रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक बंद रहने से लंबे जाम लगते हैं, जिससे आमजन, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन गुजरने वाले 10-15 हजार वाहनों को सीधा लाभ मिलेगा,जाम की समस्या में बड़ी कमी आएगी,दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी,शहर के यातायात तंत्र में सुधार होगा। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट भी रेलवे ऊपरगामी पुल के निर्माण को लेकर सहमति बन चुकी है। हालांकि इसकी औपचारिक और अधिकृत स्वीकृति अभी शेष है।

# मानदेय के बढ़ने से शिक्षामित्रों के चेहरे खिले

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा से शिक्षामित्रों के चेहरे खिल गये हैं। इस फैसले के तहत, अप्रैल माह से शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अनुदेशकों को 17,000 रुपये का मानदेय मिलेगा। इस घोषणा के बाद शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

बता दें कि प्रदेश व जिले के शिक्षामित्र और अनुदेशक लंबे समय से अपने मानदेय में वृद्धि की मांग कर रहे थे। सरकार के इस निर्णय से कुछ हद तक शिक्षामित्रों को आर्थिक

- अप्रैल से मिलेंगे शिक्षामित्रों को 18 हजार व अनुदेशकों को 17 हजार

तंगी से राहत मिलेगी। शिक्षामित्रों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के कारण पुराने मानदेय में परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया था। जिले की जुबैरा बेगम, सुनीता शाक्य, विनीता मिश्रा, अनिल प्रताप सिंह, कश्मीर सिंह और राधा गंगवार जैसे शिक्षकों ने इस कदम को सकारात्मक बताया। उनका मानना है कि इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और वे अधिक मानसिक शांति के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। शिक्षामित्र रीना दीक्षित ने बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि अब घर का खर्च कुछ बेहतर ढंग से चल सकेगा।

न्यूज ब्रीफ

### 18 क्वार्टर शराब के साथ युवक को पकड़ा

**अयाना, औरैया।** थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि शुक्रवार रात को एसआई अरविंद सिंह ने गश्त के दौरान पचनंद इंटर कॉलेज के पास एक संदिग्ध युवक को रोक कर तलाशी ली। युवक के पास मौजूद झोले से 18 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम असेवा निवासी राजकुमार उर्फ राजू बताया है। आरोपी ने बताया कि वह शराब ठेका बंद होने के बाद रात के समय में गांव के लोगों को महंगे दाम पर शराब बेचता था थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### मोबाइल सेंटर के बाहर से बाइक चोरी

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव भदोरा निवासी सूरज सिंह पुत्र सत्यभान सिंह ने शुक्रवार शाम करीब आठ बजे थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि कस्बा बेला स्थित उसकी दुकान राणा मोबाइल सेंटर के बाहर उसकी बाइक ख़डी थी। ज़ब शाम करीब सात बजे वो दुकान बंदकर घर जाने के लिए बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। उसके आसपास बाइक देखी लेकिन कोई पता न चला। पीड़ित ने अपनी बाइक चोरी होने की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

### आठ साल की उरूज ने रखा पहला रोज़ा

**फफूंद/औरैया।** इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना रमज़ान का आज चौथा रोज़ा है। इस्लाम धर्म में इस महीने की बड़ी अहमियत और फ़ज़ीलत है। ये महीना रहमत, बरकत और मग़फ़िरत का महीना है। जिसमें एक महीने के रोज़े हर मुसलमान बालिग मर्द व औरत पर फ़र्ज़ किये गए। इसी क्रम में नगर की एक आठ साल की बच्ची ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रखकर अपने ख़ुदा को राजी कर इफ्तार के वक़्त दुआ मांग अपने रब का शुक्र अदा किया। शनिवार को नगर के मुहल्ला बाबा का पुर्वा निवासी रईस खान की आठ वर्षीय बेटी उरूज़ खानम ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रखा और अपने ख़ुदा को राजी करअपनी नेकियों में इज़ाफ़ा किया।

# निचली गंगा नहर पुल पर टूटा हाइटगेट, लगा भीषण जाम

## बिधूना की ओर जा रहे एक वाहन की टक्कर से टूट गया था

**संवाददाता, अछल्दा, औरैया**



हाइटगेज को दुरुस्त करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में निचली गंगा नहर पुल पर क्षतिग्रस्त हाइटगेट को लोक निर्माण विभाग द्वारा शनिवार सुबह बदलवाया गया। इस कार्य के चलते नहर पुल पर वाहनों का लंबा जाम लग गया।

यह हाइटगेट 6 फरवरी की सुबह बिधूना की ओर जा रहे एक वाहन की टक्कर से टूट गया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइटगेट का ऊपरी लोहे का एंगल करीब तीन सौ मीटर दूर नेविलगंज-बिधूना मार्ग पर पड़ा मिला था। टक्कर मारने वाला चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा था। बिधूना-फफूंद मार्ग पर स्थित यह नहर पुल काफी समय से क्षतिग्रस्त है। इसी कारण भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से पुल के उत्तरी हिस्से में यह हाइटगेट लगाया गया था। हालांकि, यह अक्सर वाहनों की टक्कर से टूट जाता है। कस्बे में एक और हाइटगेट, जो हरींगज बाजार फफूंद मार्ग पर स्थित है, पिछले लगभग छह माह से टूटा पड़ा है। फफूंद की तरफ से बिधूना जाने वाले भारी वाहन रात में कस्बे से गुजरते हुए सीधे नहर पुल पर तेजी से निकलते हैं, जिससे यह हाइटगेट भी टूट जाता है। मोहल्ले के निवासियों ने विभागीय अधिकारियों से इस टूटे हुए हाइटगेट को भी जल्द लगवाने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने हाइड्रा मशीन की सहायता से हाइटगेट के ऊपरी हिस्से को उठाकर स्थापित किया और फिर वेल्डिंग का कार्य करवाया। सड़क पर वाहनों का जाम लगा रहा।

### चूहे के काटने से तार से अलमारी में उतरा करंट, युवक की मौत

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम हादसा, गोपाल पांडेय को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन नहीं बचा सके। क्षेत्र के नौली गांव में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपाल पांडेय (पुत्र रामशरण पांडेय) के रूप में हुई है। गोपाल अपने पिता के तीन बेटों में सबसे छोटा था।

जानकारी के अनुसार, गोपाल घर में अलमारी में कुछ सामान रखने गया था। इसी दौरान चूहे ने बिजली के तार को काट दिया था, जिससे एक तार अलमारी से छू गया और उसमें करंट आ गया। गोपाल को झटका लगते ही वह वहीं गिर पड़ा।

परिजनों ने तुरंत उसे पास के चिचौली मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि यह पूरी तरह आकस्मिक हादसा था। गांव में बिजली के तारों की खराब स्थिति और चूहों से होने वाले नुकसान को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



अपनी प्रतिभा दिखाते बच्चे। अमृत विचार

### विद्यालय में कराया गया कुकिंग विथआउट फायर

**संवाददाता फफूंद, औरैया**

- स्पेल बी, क्ले मॉडलिंग और फिंगर पेंटिंग जैसी कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में शनिवार के दिन कुकिंग विथ आउट फायर, स्पेल बी क्ले मॉडलिंग और फिंगर पेंटिंग जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक दीपक दीक्षित के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इन सभी प्रतियोगताओं में कक्षा पीजी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा में कक्षा पांच बी से श्रेयस, अभय, कक्षा छह ए से सोनी और आर्तिका, कक्षा आठ से आराध्या मिश्रा, तान्या अवस्थी, ने क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। विद्यालय के निदेशक दीपक दीक्षित ने अपने संबोधन में बताया कि अग्नि रहित खाना बनाने से खाद्य पदार्थों में मौजूद पोषक तत्वों का ह्रास नहीं होता है तथा समय और ऊर्जा की भी बचत होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी, एक्टिविटी इंचार्ज हर्षा, आदि मौजूद रहीं।

### दुष्कर्म में दोषी को 12 वर्ष की कैद

**औरैया।** थाना सहायल क्षेत्र में लगभग छह साल नौ महीने पुराने एक दुष्कर्म मामले में विशेष पॉक्सो अदालत ने दोषी को कठोर सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम अखिलेश प्रसाद मिश्र ने आरोपी अजब सिंह को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्र ने बताया कि यह जघन्य घटना 13 मई 2019 को सुबह करीब 5 बजे हुई थी। पीड़िता की 14 वर्षीय बहन खेतों की ओर शौच के लिए गई थी। इसी दौरान फफूंद थाना क्षेत्र के पाता गांव निवासी अजब सिंह ने उसे बहला-फुसलाकर पास के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने घटना की सूचना थाना सहायल को दी, जहां मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम अदालत में चला। शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश अखिलेश प्रसाद मिश्र ने फैसला सुनाया।

## बाड़े में घुसकर 24 भेड़ों की हत्या, 24 गंभीर घायल

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहायल थाना क्षेत्र के नवी मोहन गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने एक बाड़े में घुसकर करीब 24 भेड़ों की धारदार हथियार से हत्या कर दी, जबकि 24 अन्य भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार पशुपालक राम लखन के बाड़े में कुल 70 भेड़ें थीं। उनका घर बाड़े से लगभग सौ मीटर दूर है। शनिवार सुबह करीब पांच बजे जब वह भेड़ों को देखने पहुंचे तो कई भेड़ें मृत और कई गंभीर रूप से घायल पड़ी थीं। घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 पर दी गई। सूचना मिलते ही सहायल थानाध्यक्ष विनोद कुमार राजपूत, दरोगा राजीव सिंह और लेखपाल पवन दीक्षित मौके पर पहुंच गए। घायलों के उपचार के लिए पशु चिकित्सकों की टीम बुलाई गई, जिन्होंने घायल भेड़ों का इलाज शुरू किया। मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में किसी पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। सहायल थानाध्यक्ष विनोद कुमार राजपूत ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बच्चों को प्रोत्साहित करना जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- ब्लाक भाग्यनगर के निपुण बच्चों को किया सम्मानित



बच्चों को सम्मानित करते बीईओ दाताराम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों व कोलोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने हेतु समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम दिबियापुर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में ब्लाक भाग्यनगर के परिषदीय स्कूलों के निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। बीईओ ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय निपुण बनाने हेतु अभिभावकों के सहयोग से कार्य करें। शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन में भाग्यनगर बीईओ दाताराम ने कहा कि शासन द्वारा प्राथमिक शिक्षा को मजबूत बनाने हेतु तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा के दौरान मेधावियों का सम्मान करना बहुत आवश्यक है इससे बच्चे प्रोत्साहित होते हैं और उनका हौसला बढ़ता है। शिक्षक मेहनत करें ताकि कोई बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित ना रहें। डीबीटी योजना के अंतर्गत यूनिफार्म, स्वेटर जूता मोजा ,बैग व स्टेशनरी की राशि प्रत्यक्ष रूप से अभिभावकों के खाते में स्थानांतरित की जा रही है। अतः अभिभावक इस राशि का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व अभिभावकों के साथ समन्वय बनाकर बच्चों की प्रगति पर नजर रखें और निपुण बनाने के लिए तन्मयता से प्रयास करें। कार्यक्रम में आए शिक्षकों व कोलोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ आए निपुण बच्चों को बीईओ ने प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसआरजी अलका यादव, सहायक लेखाकार सौरभ गुप्ता, एआरपीगण देवेन्द्र राजपूत, आलोक गुप्ता, इंदु बाला राजपूत व शिक्षक कृष्ण कुमार ,संदीप कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



जाम में फंसे कस्बावासी। अमृत विचार

### नहर पुल पर लगा रहा भीषण जाम

**अछल्दा, औरैया।** गंगा नहर पुल पर शनिवार अपराह्न ढाई बजे के बाद नहर पुल पर बस फंसने से विधूना-फफूंद मार्ग पर भीषण जाम लग गया जिसमें स्कूली कार एंबुलेंस शादी समारोह के वाहन फ़ंसे रहे। निचली गंगा नहर रूरा सैफई मार्ग की तरफ से आने वाले वाहन और बिधूना मार्ग से आने जाने वाले वाहन पुल क्रास ओवर पर फंसने से जाम लगा। पुल से पैदल लोग नहीं निकल सके। पुलिस और लोगों की कड़ी मशक्कत से चार बजे जाम खुलवाया जा सका। नहर पुल के दोनो तरफ से सब्जी मंडी तिराहा लोहा मंडी स्टेशन रोड़ तक डेढ़ घन्टे तक जाम की स्थिति बनी रही। एक घण्टें से बन्द रेलवे क्रासिंग 13 बी का तीन बजे करीब खुलते ही रेलवे क्रासिंग के दोनो तरफ वाहनों का लंबा जाम लगा।

## 106 शिकायतों में मात्र 7 निस्तारित

**संवाददाता, अजीतमल, औरैया**



फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजीतमल स्थित संगम सभागार में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देशों के साथ सौंपा गया। प्राप्त शिकायतों में अधिकांश मामले राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े रहे। इसके अलावा बिजली, रसद, समाज कल्याण तथा अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल अभिषेक भारती, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला वन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पीडब्ल्यूडी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैठे वाले हनुमान जी मंदिर के स्थापना दिवस पर अखंड पाठ

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के तिर्वा रोड़ स्थित पांडव नदी पुल के पास बैठे वाले हनुमान जी मंदिर पर शनिवार को स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर अखंड पाठ का आनंद लिया। आयोजक मंदिर समिति अजय मिश्रा उर्फ़ डब्बू, मदनमोहन शर्मा उर्फ़ लालू, नितिन द्विवेदी, गोविन्द मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, श्याम त्रिपाठी, अनूप द्विवेदी, योगेश मिश्राआदि लोग मौजूद रहे।



अखंड पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मै रजनी सिंह पत्नी रंजीत सिंह मकान नं0 2/172 आवास विकास कालोनी नवाबगंज बाराबंकी उ0प्र0 का एलाटमेन्ट लेटर की मूल प्रति खो गयी है।जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

**सूचना**

मैं, प्रदीप कुमार पटेल पुत्र राम जीवन सिंह यह निवेदन करता हूँ कि मेरी 10वीं की मार्कशीट और प्रमाण पत्र की मूल एवं द्वितीय प्रति (वर्ष 2005, रोल नंबर 1411092, उत्तर प्रदेश बोर्ड,प्रयागराज), इंटरमीडिएट की मार्कशीट (वर्ष 2007, रोल नंबर 0829018), बी.टेक की डिग्री (वर्ष 2013, एनआईटी श्रीनगर, नामांकन संख्या 554/2009, प्रमाण पत्र संख्या 782) और बी.टेक का अनतिम प्रमाण पत्र (वर्ष 2013) वास्तव में खो गए हैं। **निवासी: सोनेपुर रोड, शत्रुघ्नपुरी, कर्वी, चित्रकूट 210205, उत्तर प्रदेश। मोबाइल नंबर: 8287155962**

**सूचना**

मै **श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता निवासी नौनिहाल गंज बांगरमऊ उन्नाव** , मै शपथ पूर्वक श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता अपने पुत्र अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व0 महेश चंद्र गुप्ता का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं इसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं रहेगा।

**सूचना**

मैं **चन्द्रसेन नायक पुत्र स्व0 साहबजादा नायक निवासी– ग्राम–चवरिया खुर्द, थाना– गगहा, जिला– गोरखपुर, उ0प्र0**, मैं उत्कर्ष नायक (Utkarsh Nayak) का पिता एवं संरक्षक हूँ। मेरे पुत्र की कक्षा 10 की मार्कशीट में मेरा नाम त्रुटिवश Chandrsen Nayak अंकित हो गया है। जो कि गलत है। उपरोक्त दोनों नाम Chandrsen Nayak व Chandrasen Nayak मेरे ही हैं। जिसे भविष्य में Chandrasen Nayak के नाम से जाना जाये व माना जाये।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD ASLAM था अब बदलकर MOHAMMAD ASLAM रख लिया है। भविष्य मे मुझे MOHAMMAD ASLAM के नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHAMMAD ASLAM S/0-MOHAMMAD HANEEF ADD-652/405 KURSI ROAD, SABOULI, SECTOR-C DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

**सूचना**

मैं **शषांक वर्मा पुत्र उमा शंकर वर्मा निवासी ग्राम खरकपुर, पोस्ट हरिपुर जलालाबाद मानपुर जिला अयोध्या** , मेरे जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 216888196 मे मेरा उपनाम सचिन कुमार वर्मा (Sachin Kumar Verma ) अंकित है। परन्तु स्कूली दस्तावेजों में शषांक वर्मा (Shashank Verma ), आधार कार्ड सं0 – 7116 तथा बैंक खाते में नाम शषांक वर्मा (Shashank Verma ) अंकित है। शषांक वर्मा व सचिन कुमारं वर्मा दोनों नाम मेरे ही है। अतः मेरी पॉलिसी संख्या – 216888196 में मेरा नाम सचिन कुमार वर्मा के स्थान पर शषांक वर्मा संसोधित कर भुगतान किया किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे इंडियन बैंक के दौलतपुर शाखा में बचत खाता मोहम्मद करीम पुत्र मोहम्मद कयूम अंकित है, जबकि अन्य पहचान अभिलेखों में अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम अंकित है। अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि मोहम्मद करीम एवं अब्दुल करीम दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है। **अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम निवासी ग्राम– कूकनगर ग्रंट, थाना– खोंडारे, तहसील–मनकापुर जनपद – गोंडा**

**सूचना**

मैंने अपने विवाहित पुत्र प्रदीप एवं पुत्रवधू रूपादेवी के समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त होने से परेशान होकर उन दोनों से अपने सम्बन्ध विच्छेद करके उनदोनों को अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज की तिथि से उन दोनों द्वारा किए गए किसी अच्छे बुरे कार्य, सरकारी व गैरसरकारी लेनदेन आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे अन्य परिवारीजनों की न होगी। **राधेश्याम पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम भिठारी थाना कोतवाली शहर जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं **नजमा पुत्री तैयब अली निवासिनी ग्राम भीखनपुर, पोस्ट रानीगंज, थाना जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना, जिला–अमेठी उ0प्र0** मेरा वास्तविक नाम नजमा पुत्री तैयब अली है परन्तु हिन्दू धर्म के व्यक्ति राजेन्द्र से विवाह कर अपना नाम बदलकर मंजू रख लिया था जो मेरे आधार कार्ड में अंकित है परन्तु अपने पति राजेन्द्र से छाड़ी छूटा हो चुका है जिसके पश्चात् शपथिनी ने पुनः इस्लाम धर्म में आकर अपना पूर्व नाम नजमा रख लिया है। यह कि मैं सार्वजनिक रूप से घोषणा करती हूँ कि मुझे नजमा पुत्री तैयब अली के नाम से माना व जाना जावे।


मिलेगी राहत

ओवरब्रिज गांव किशोरी पूर्वा और इनायतपुर में उतारा जाएगा

# बाईपास ओवरब्रिज के निर्माण का काम तेज

**संवाददाता अछल्दा (औरैया)**

- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू, करोड़ों की धनराशि हुई अवमुक्त
- ओवरब्रिज निर्माण से बढ़ेंगी व्यापारिक गतिविधियां



चिन्हांकन करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा अछल्दा में प्रस्तावित बाईपास ओवरब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। यह ओवरब्रिज गांव किशोरी पूर्वा और इनायतपुर में उतारा जाएगा। एक ओर इसे गांव से जोड़ते हुए मुख्य सड़क निचली गंग नहर पुल से मिलाया जाएगा, जबकि दूसरी ओर फफूंद रोड से कनेक्ट किया जाएगा।

शनिवार को दूसरे दिन जेई संकेत कुमार, अजीत कुमार, जीओ टेक्नो सर्वेयर टीम के इंजीनियर सुशील कुमार, इंजीनियर शैलेन्द्र सिंह तथा क्षेत्रीय लेखपाल सतेंद्र यादव की मौजूदगी में भूमि अधिग्रहण के लिए खेतों में करीब 250 खुट्टियां लगाकर सीमांकन किया गया। प्रस्तावित ओवरब्रिज की कुल लंबाई लगभग 1.8 किलोमीटर होगी। पुल की चौड़ाई 17 मीटर (करीब 51 फुट) निर्धारित की गई है और इसे 16 पिलरों पर खड़ा किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए शासन द्वारा 73 करोड़ 42 लाख 25 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें से 20 करोड़ 36 लाख 62 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त भी की जा चुकी है। अवमुक्त राशि में 16 करोड़ 4 लाख 65 हजार रुपये अनुदान संख्या–57 तथा 4 करोड़ 31 लाख 97 हजार रुपये अनुदान संख्या–83 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए जाएंगे। ओवरब्रिज के निर्माण से किशोरी पूर्वा और इनायतपुर गांवों में आवागमन सुगम होगा। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि इस परियोजना से दोनों गांवों की तस्वीर और तकदीर बदल सकती है।

**17** मीटर चौड़ा ओवरब्रिज बनेगा 16 पिलरों पर, गांवों को मिलेगा सीधा कनेक्शन

### अछल्दा में किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज कराई

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र में एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पिता के अनुसार 16 फरवरी को वह मजदूरी के सिलसिले में गांव मढ़ा का पुरवा गए थे, जबकि उनकी पत्नी पड़ोस में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। घर पर बेटी अकेली थी। शाम को जब दोनों घर लौटे तो बेटी घर पर नहीं मिली। परिजनों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पिता ने आशंका जताई है कि किशोरी घर से जाते समय मां के रखे सोने के आभूषण और करीब 21,600 रुपये नकद भी अपने साथ ले गई है। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और संभावित स्थानों पर तलाश व जांच की जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पहरा वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 20/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 28.02.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत पहरा वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 21.02.2026** से **दिनांक 28.02.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 28.02.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 28.02.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत पहरा वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | प्रेम नारायण के खेत से निरंजन के खेत तक सोलिंग कार्य | 501003.00 | 10020.00 | 450+81 | 3 माह | |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।.
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत - बिरहट, वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

न्यूज ब्रीफ

### गैंगेस्टर मामले में दोषी को तीन साल का कारावास

**इटावा ।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने तीन साल पुराने गैंगेस्टर के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि जसवंत नगर थाना पुलिस ने फिरोजाबाद जिले के अत्तर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णा नगर निवासी कन्हैया पुत्र बब्लू के खिलाफ समाज विरोधी काम कर अवैध रूप से धन की उगाही करने के कारण उसके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने छानबीन के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेशकर दिए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट की कोर्ट में हुई अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने कंहैया को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### ऑटो-बाइक भिडंत में दो घायल

**जसवंतनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर बंद पड़ी टॉकीज के सामने ऑटो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना कुर्रा क्षेत्र के ग्राम नगला डुंडे निवासी 32 वर्षीय मनोज पुत्र सियाराम एक बीज कंपनी में एमआर हैं। वह सर्विस रोड से बाइक द्वारा मार्केटिंग कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मनोज तथा ऑटो की साइड सीट पर बैठे धरवार निवासी 29 वर्षीय रामसरन पुत्र रामकिशोर उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दो लोगों के किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जान देने की कोशिश की, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत अधियापुरा निवासी राम मोहन 22 वर्ष पुत्र ओमवीर ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुर तोताराम गांव निवासी किरन 32 वर्ष पत्नी विक्रम ने किसी बात पर नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

### मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत यदुवंश नगर निवासी विनय यादव 28 वर्ष पुत्र महेश चंद्र को लक्ष्मण वाटिका के पास दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत मोढ़ी निवासी मीना 55 वर्ष पत्नी गणेश को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत भगवानपुर निवासी सुधा देवी 28 वर्ष पत्नी देवेंद्र सिंह को गांव में दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण हुआ।

# धोखाधड़ी के दोषी को 7 साल की सजा

- कोर्ट ने दस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट-2 दिनेश गौर ने 7 साल पुराने धोखाधड़ी के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया और उसे 7 साल की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जबकि तीन आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि सिविल लाइन थाने में तैनात सिपाही देवेंद्र कुमार ने वर्ष 2018 में अजीत कुमार पुत्र राम दास कल्याण पुत्र जस राज सोनू पुत्र उदय वीर निवासी टडेता थाना जैतपुर आगरा व विजय सिंह पुत्र श्रीकृष्ण निवासी जाखन बलरई के खिलाफ धोखाधडी आई टीएक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। छानवीन के बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट में हुई । अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण शुक्ला के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अजीत कुमार को धोखाधडी के मामले में दोषी पाया और उसे सात साल की सजा व दस हजार रुपया का जुर्माना लगाया। जबकि अन्य लोगों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

## ट्रैक्टर पर 64.5 हजार रुपये का जुर्माना

**बकेवर।** शनिवार को एआरटीओ प्रदीप देशमणि ने बकेवर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। यह ट्रैक्टर-ट्रॉली ईंटें भरकर मानिकपुर, इटावा ले जा रही थी। कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर का व्यावसायिक उपयोग करने पर इसका 64,500 रुपये का चालान किया गया। यह कार्रवाई बकेवर-भर्थना ओवरब्रिज के पास की गई। ट्रैक्टर को जब्त कर बकेवर थाने में खड़ा कराया गया है और उसे बकेवर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर के चालक प्रशांत कुमार ने बताया कि ईंटें मानिकपुर, में चल रहे एक मंदिर निर्माण स्थल पर ले जाई जा रही थीं।

# कवि सम्मेलनः ओज, व्यंग्य का दिखा संगम

- पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने किया कवि सम्मेलन का शुभारंभ

संवाददाता, सैफई



कवि राजीव राज को सम्मानित करते पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पावन स्मृतियों को समर्पित कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का माध्यम है और कविता जनमानस की आवाज होती है।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कवियों ने क्रमशः श्रृंगार, करुण, ओज और हास्य व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा। योगिता चौहान ने कोमल भावों की अभिव्यक्ति की तो शबीना अदोव ने सामाजिक संवेदना और परोपकार का संदेश दिया। रौनक इटावी ने संघर्ष और संकल्प की बात कही, वहीं कुमार मनोज ने किसानों और आमजन की पीड़ा को स्वर दिया। प्रदीप त्रिपाठी ने प्रेम और जीवन संघर्ष को कविता में पिरोया। डॉ. राजीव राज की व्यंग रचना ने समसामयिक राजनीति पर कटाक्ष किया तो मयंक विधोलिया ने हास्य व्यंग्य के माध्यम से व्यवस्था पर तीखे प्रहार किए। हर प्रस्तुति पर श्रोता तालियों से उत्साह बढ़ाते रहे। कवि सम्मेलन का संचालन सतीश मधुप ने प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने सभी कवियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. फतेह बहादुर सिंह यादव ने शिवपाल सिंह यादव का सोल उड़कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व मंत्री राम सेवक यादव, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह, दीपक मिश्रा, सपा जिला अध्यक्ष बबलू शाक्य, सदस्य जिला पंचायत डॉ अरविंद यादव, उदयभान सिंह यादव,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संघ चंदगीराम यादव प्रधान, राजवीर सिंह यादव राजकीय ठेकदार नगला तेज, भारत सिंह यादव खदरी, रामफल वाल्मीकि प्रधान,सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि रहे।

# गणित का पेपर खराब होने से क्षुब्ध हाई स्कूल की छात्रा ने की खुदकुशी

## थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के मोहल्ला यशोदा नगर का मामला, घर में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के मोहल्ला यशोदा नगर में सीबीएसई की हाई स्कूल की छात्रा ने गणित का बोर्ड पेपर बिगड़ने पर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उक्त मोहल्ला निवासी सत्यवीर की पुत्री अनुष्का गौतम कक्षा 10 की छात्रा थी। परिवार के अनुसार 17 तारीख से उसकी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थीं। पहला पेपर गणित का था, जो उसे ठीक नहीं लगा। परीक्षा देकर घर लौटने के बाद उसने परिजनों से कहा था कि उसका पेपर अच्छा नहीं हुआ है। परिवार वालों का कहना है कि इसी बात को लेकर वह काफी परेशान रहने लगी थी। वह चुपचाप रहती थी और ज्यादा बात भी नहीं कर रही थी। घरवालों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपने मन की चिंता से बाहर नहीं निकल पा रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मां हेमलता और छोटा भाई लकी बाजार के लिए घर से निकले थे। उस समय अनुष्का घर पर अकेली थी। शाम करीब 6 बजकर 30 मिनट पर जब दोनों वापस लौटे तो घर का गेट खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो अनुष्का कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई थी। यह दृश्य देखकर मां और भाई की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, फॉरेंसिक मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। छात्रा के पिता सत्यवीर गौतम बीएसएफ में तैनात हैं और इस समय श्रीगंगानगर में पोस्टेड हैं। सूचना मिलते ही वह इटावा के लिए रवाना हो गए। परिवार में इस घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है। करीब डेढ़ साल पहले ही परिवार ने नया मकान बनवाया था और मां, बेटी व बेटा वहीं साथ रहते थे।

### मलाजनी गांव में पेड़ से लटका मिला किसान का शव, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम मलाजनी में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 50 वर्षीय किसान संतोष पाल पुत्र रामगोपाल का शव खेत के पास बकाइन के पेड़ से लटका मिला। खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। बताया गया कि संतोष पाल सुबह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकले थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन और ग्रामीण उन्हें तलाशते हुए खेत की ओर पहुंचे, जहां उनका शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया ।ग्रामीणों के अनुसार संतोष की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था और उनकी कोई संतान नहीं थी। वह अपने छोटे भाई के परिवार के साथ रह रहे थे ।सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# प्रदेश सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धःविधायक

कार्यालय संवाददाता, इटावा



लाभार्थियों को चेक देतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों व परिवारों को क्षतिपूर्ति सहायता राशि वितरण तथा कृषि भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम का लखनऊ से सीधा लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानों के हित में कुल 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण बटन दबाकर किया गया। यह सहायता राशि प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं से प्रभावित किसानों एवं उनके परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने हेतु प्रदान की गई है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना से संबंधित जनपद के 8 किसानों/परिवारों के खातों में सहायता धनराशि प्रेषित करते हुए प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 10 किसानों को आच्छादित कर उन्हें लाभान्वित किया गया। विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा आपदा किट भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसान प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वह शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण अवश्य लें तथा फसल बीमा योजना से जुड़कर अपने परिश्रम की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला कृषि अधिकारी ओमकार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक राकेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 53 शिकायतें आईं आठ का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, चकरनगर (इटावा)



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में कुल 56 शिकायतें आई जिसमें आठ का मौके पर निस्तारण किया गया।

समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाए साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी गांवों के भ्रमण पर जाएं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील चकरनगर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 53 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलंब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 84 हजार पार

**भरथना।** एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से 84 हजार रुपये पार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र अंतर्गत रपटपुर (बेर) गांव की पीड़िता मोनिका देवी पत्नी महेंद्र सिंह ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शनिवार की दोपहर अपने ससुर मान सिंह के बैंक खाता का एटीएम कार्ड लेकर भरथना कस्बा के जवाहर रोड स्थित एटीएम गई थी। दोपहर करीब 12:15 बजे एटीएम से पैसे निकालते समय वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से 84 हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी होने पर बैंक से संपर्क कर कार्ड ब्लॉक कराया और थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# प्रेम प्रसंग के चलते की गई थी मनीष की हत्या

- पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

भरथना, संवाददाता (इटावा)

**अमृत विचार।** थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की पहचान कर घटना का अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने प्रेम प्रसंग को हत्या की बात स्वीकारी है।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 19/20 फरवरी की रात्रि को थाना इकदिल क्षेत्र में अज्ञात शव रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो शव की शिनाख्त मनीष यादव के रूप में हुई। जिसके संबंध में पुलिस टीम द्वारा जांच की गयी तो ज्ञात हुआ कि मनीष यादव उपरोक्त की गुमशुदगी 18 फरवरी को थाना भरथना पर दर्ज है। इस पर पुलिस ने दीपक पुत्र अरविद निवासी केशोपुर कलां को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दीपक ने बताया कि अभिषेक यादव पुत्र रविन्द्र यादव ने मृतक मनीष को अपनी बहन से बात करते जान लिया। इसलिये षडयन्त्र के तहत योजना बनाकर अपने साथी विपिन यादव पुत्र हृदयराम यादव निवासी ग्राम मानिकपुर भीखन थाना इकदिल व उसके साथ मिलकर मृतक मनीष को लिफ्ट देने के बहाने चार पहिया गाड़ी में बैठाकर थाना इकदिल अन्तर्गत सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी तथा दूसरे दिन शव को इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर रखकर वहां से भाग गये थे। पूछताछ में दीपक ने पूरी घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पकडे आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

## एप डाउनलोड करा खाते से उड़ाए 50 हजार रुपये

**भरथना (इटावा)।** साइबर ठगों ने कॉल कर एप डाउनलोड कराते हुए युवक के बैंक खाते से 50 हजार रुपये उड़ा दिए।

थाना क्षेत्र के विरोधी गांव निवासी आशुतोष कुमार पुत्र स्व. कैलाश नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 फरवरी 2026 को उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बच्चे से मोबाइल में एक एप डाउनलोड करा कर मोबाइल हैक कर लिया। आरोप है कि एप डाउनलोड करते ही उसके बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 50 हजार रुपए निकल गए। बैंक जाकर जानकारी करने पर पता चला कि 10 फरवरी को ही उक्त धनराशि ट्रांसफर कर ली गई। ऑनलाइन शिकायत की जांच में धनराशि ट्रांसफर करने में गुजरात के एक व्यक्ति का नाम अब तक प्रकाश में आया है।

कार्यक्रम

केके कॉलेज के खेल मैदान में हुआ वार्षिक क्रीड़ा का शुभारंभ

# पढ़ाई के साथ जीवन में खेल को आत्मसात करना आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, इटावा



एडीएम को सम्मानित करते प्राचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केके कालेज के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष प्रबंध समिति सलिल वर्मा, राजकीय महिला महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने की।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों के मार्च पास्ट एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अभिनव रंजन श्रीवास्तव द्वारा खेल भावना की शपथ दिलाकर किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जब हमारा शरीर निरोग रहेगा तो हम अपने दैनिक जीवन के कार्य बेहतर तरीके से कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा खेलों का इतिहास उठाकर देखें तो खेलों से हमने देश के संबंधों को बदलते हुए देखा है। कई छोटे देश है लेकिन उन्होंने खेलों की बदौलत दुनिया में अपना अलग स्थान बनाया है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का शिक्षकों व कर्मचारियों ने बुके,अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।

100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के योगेश यादव ने प्रथम स्थान, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के विमल कुमार ने द्वितीय स्थान, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के सत्यम ने तृतीय स्थान, 100 मीटर दौड़ महिला में एमए द्वितीय सेमेस्टर की आरती ने प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की अंजली सिंह ने द्वितीय स्थान, बी ए द्वितीय सेमेस्टर की राधा ने तृतीय स्थान,चौड़ी कूद पुरुष में बीएससी तृतीय सेमेस्टर के विमल सिंह ने प्रथम स्थान,बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के अनुराग ने द्वितीय स्थान, बी ए द्वितीय सेमेस्टर के योगेंद्र बाबू तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ महिला में एम ए द्वितीय सेमेस्टर की आरती परिहार ने प्रथम स्थान, बी ए द्वितीय सेमेस्टर की राधा ने द्वितीय स्थान, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की वर्षा ने तृतीय स्थान, एम एस सी द्वितीय सेमेस्टर की अनामिका तथा एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की सलोनी कश्यप ने संयुक्त रूप से सांत्वना ,लंबी कूद पुरुष में बी ए द्वितीय सेमेस्टर के योगेश यादव ने प्रथम स्थान,बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विमल सिंह ने द्वितीय स्थान, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सामुदायिक शौचालयों के केयर टेकरों को 6 माह से नहीं मिला वेतन, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते केयर टेकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक शौचालयों में तैनात केयर टेकरों ने 6 माह से वेतन न मिलने से पक्का तालाब में जनसमर्थ कल्याणकारी एसोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। विभिन्न ग्राम पंचायतों क्षेत्रों में स्थापित सामुदायिक शौचालयों के संचालन, नियमित सफाई, रख-रखाव एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये केयर टेकर कार्यरत है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जनपद के अनेक सामुदायिक शौचालयों पर कार्यरत केयर टेकरों को निर्धारित मानदेय का भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है, तथा कई मामलों में महीनों, वर्षों का मानदेय बकाया है। इस कारण केयर टेकरों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव शौचालयों के संचालन एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विनोद कुमार ने बताया कि प्रमुख मांगों में है कि समस्त केयर टेकर को पीएफ प्रोविडेंट फंड की सुविधा दी जाए, ईएसआई एम्पलाइज स्टेट इंश्योरेंस का लाभ दिया जाए। पर्सनल अकाउंट किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और वेतन सीधे उसी खाते में जमा हो, प्रत्येक माह का वेतन निर्धारित तिथि पर बिना किसी विलंब के दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचा के साथ आरोपी को दबोचा

बिवांर (हमीरपुर)। छानी बुजुर्ग गांव निवासी शेखर पुत्र छोटा सिंह के मकान के पीछे तालाब किनारे बैठा था। तभी मुखबिर की सूचना पर एसआई विकास यादव व मो सुल्तान ने उसे दबोचकर 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि युवक का अपराधी किस्म का है। उसके खिलाफ कई मुकदमे थाना में पंजीकृत हैं।

### प्रेमी संग भागी युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

बिवांर (हमीरपुर) थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते बताया कि थाना सिसोलर के भुलसी गांव का सोना पुत्र चुन्नू प्रजापति का रिश्तेदारी होने पर आना-जाना है। उस युवक ने बेटी को प्रेम प्रसंग के जाल में फांस लिया है। परिजनों की गैर मौजूदगी में युवक दो दिन पूर्व दोपहर बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। युवती के पिता ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की धारा 137 (2) पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि दोनों प्रेमी युगल की तलाश की जा रही है।

### बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग

मौदहा। नगर में बंदरों और कुत्तों को पकड़वाने की मांग को लेकर शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में एआईएमआईएम के पूर्व बुंदेलखंड प्रभारी एवं भारत उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव आतिफ मुबीन खान उर्फ राका ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कहा मंकी कैचर से बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में बंद करवाया जाए। कहा बीते दिनों बंदरों के झुंड से दो महिलाएं घायल हो चुकी हैं। बंदरों का आतंक इतना बढ़ रहा है कि महिलाएं एवं स्कूली बच्चे इनकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इस दौरान खलील अहमद, रिजवान, फहीम कुरैशी, सखावत चाचा, बच्चू पालीवाल, सुनील द्विवेदी, बच्चा ज्ञानी व जीशान अली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### हादसे में घायल युवक सदर अस्पताल रेफर

मौदहा। गांव गहरौली निवासी मोहन (25) पुत्र जगदीश कुशवाहा शुक्रवार रात बाइक पर सवार होकर किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक जंगली जानवर से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### नमामि गंगे योजना का काम पूरा कराने की मांग

मौदहा। मांचा गांव निवासी जीशान अहमद ने समाधान दिवस में बताया कि उनके गांव में नमामि गंगे परियोजना का काम अभी तक आधा अधूरा पड़ा है। जिससे लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। आधे गांव में अभी तक पाइप लाइन नहीं डाली गई हैं। ऐसे में यह परियोजना मजाक बन कर रह गई है। उन्होंने परियोजना का काम पूरा कराने की मांग की है।

### खेत जा रही महिला से छेड़खानी

कुरारा। थानाक्षेत्र के एक गांव मे खेत गई महिला से छेड़खानी व अश्लील हरकत करने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने मे दी तहरीर में बताया कि वह खेत जा रही थी। तभी रास्ते में गांव निवासी भोपाल सिंह पुत्र राम सिंह अश्लील बातें कर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दे भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी भोपाल सिंह के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद में महिला ने कीटनाशक का सेवन किया

कुरारा। कस्बे में घरेलु विवाद से परेशान 23 वर्षीय महिला ने कीट नाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा निवासी लक्ष्मी (23) पत्नी सुनील ने घरेलु विवाद के चलते शुक्रवार रात करीब 11 बजे कीट नाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लाखों रुपये खर्च के बाद भी कागजों में कूड़ा निस्तारण

## ग्राम पंचायत बिलहड़ी के आरआरसी केंद्र पर लटक रहा ताला

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



बंद पड़ा कूड़ा निस्तारण केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार**। ग्राम पंचायत बिलहड़ी में साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से बनाया गया आरआरसी सेंटर सिर्फ कागजों में संचालित हो रहा है। जबकि हकीकत में यहां हर समय ताला लटकता रहता है। ग्रामीणों का आरोप है आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) पूरी तरह बेमकसद हैं। सेंटर में ताला लटकने के बाद भी कागजों में कूड़ा निस्तारण दिखाकर हर माह खर्च निकाला जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है।

ग्रामीण ज्ञान सिंह, प्रीतम प्रजापति व नरेश सिंह का कहना है कि आरआरसी सेंटर में न तो नियमित रूप से कूड़ा पहुंचाया जा रहा है और न ही उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो रहा है। गांव के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कूड़ादान लंबे समय से भरे पड़े हैं। कूड़ा न उठने के कारण उनसे तेज दुर्गंध उठ रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत कागजों में साफ-सफाई दिखाई जा रही है, लेकिन धरातल पर कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। कूड़ा उठान के लिए न तो समय निर्धारित है और न ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी दिखाई देता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का यह भी कहना है कि बारिश के दिनों में कूड़े से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में फैल जाता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि आरआरसी सेंटर के संचालन और कूड़ा निस्तारण में हो रहे खर्च की जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था वास्तव में सुधर सके। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में रिक्शा नहीं है, इस वजह से कूड़ा आरआरसी सेंटर नहीं पहुंच पा रहा है। इस वजह ताला लगा हुआ है।

### सूने मकान से लाखों की चोरी

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात सहित 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर वारदात को अंजाम दिया। ईंट भट्टों से घर लौटे गृहस्वामी को चोरी की घटना की जानकारी होने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

गौहानी निवासी देवीदीन पुत्र लालू राम ने बताया कि पिछले तीन फरवरी को वह परिवार के साथ एटा जनपद में संचालित ईंट भट्टों में मजदूरी करने गया था। जब वह ईंट भट्टे से परिवार सहित वापस घर लौटा तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। बताया कि चोरों ने उसके सूने घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात सहित 50 हजार रुपये की नगदी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली में तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर खुलासे की मांग की है।

### अन्ना घूम रहे जानवरों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मौदहा। समाधान दिवस में सपा जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर ने कस्बा में घूम रहे आवारा सुअरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। कहा कि कस्बा में घूम रहे आवारा गंदे जानवरों के कारण रोजेदारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ये जानवर मस्जिदों के आसपास सुबह लेकर रात तक मंडराते रहते हैं। साथ ही नालियों में गंदगी बजबजा रही है।



बाइक सवार को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देतीं छात्राएं। अमृत विचार

# एनएसएस शिविरार्थियों ने दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कुंडौरा के ओम हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार**। कुंडौरा के ओम हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस के शिविरार्थियों ने शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल दरियापुर के शिव मंदिर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर गोष्ठी का आयोजन किया। प्रथम व द्वितीय इकाई के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में छात्र छात्रों ने विचार व्यक्त किए। वहीं गांव में भ्रमण कर दीवारों पर जागरूकता संबंधी स्लोगन लिख लोगों को सड़क पर रोक कर रोड एक्सीडेंट रोकने की अपील की।

कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन कर्णधार ने छात्रों को सड़क दुर्घटना से बचने और और सावधान रहने की अपील की। वहीं डा. सरिता दुबे ने युवाओं से कम स्पीड में सावधानी पूर्वक गाड़ी चलाने को कहा। साथ ही सरकार से सड़क पर डिवाइडर बनाने की अपील की। कार्यक्रम में प्राचार्य डा.स्वामी प्रसाद गुप्ता, बादशाह सिंह व संदीप सिंह ने भाग लिया। उन्होंने शिविरार्थियों का खुलकर उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व शिविर स्थल की साफ सफाई कर व्यवस्थित किया। गोष्ठी में क्षमा, स्नेहा, अनुसुइया, विनीता, प्रीती, किरन, रुमाली, अनमोल, गर्वित, गोपाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अन्त महर्षि विद्यालय के प्रभार्य एसपी सिंह ने सड़क दुर्घटना के भयावह परिणाम के बारे में छात्रों को अवगत कराया।

### दो युवकों ने महिला को नशीला पदार्थ पिला किया दुष्कर्म

बिवांर (हमीरपुर)। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाने से अचेत हुई महिला को दो युवक वाहन में डालकर दिल्ली ले गए। वहां किराए का कमरा लेकर दुराचार करते रहे। किसी तरह उनके चंगुल से छूटी पीड़िता ने युवकों के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पड़ोसी युवकों करन पुत्र बिजइयां व दिनेश पुत्र असरार परिचय होने पर आए दिन मुलाकात कर मीठी बात करते रहे। दोनों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। उसके अचेत होने पर वह वाहन में डालकर दिल्ली ले गए। वहां किराए पद कमरा लेकर दोनों युवक बंधक बनाए रहे। दोनों उसके साथ जबरन दुराचार करते रहे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देते रहे।

किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर घर आई। परिजनों के साथ आई पीड़िता ने धारा 70, 87, 123, 127(4), 115(2), 351(3) में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



साइबर सुरक्षा की जानकारी देते एसएसआई शिव सहाय अमृत विचार

# डिजिटल साक्षरता समाज के समग्र विकास की कुंजी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। गल्हिया गांव में चल रहे ब्रह्मानंद महाविद्यालय के एनएसएस कैंप में शनिवार को डिजिटल साक्षरता के सदुपयोग एवं दुष्प्रभाव विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को डिजिटल तकनीक के सकारात्मक उपयोग, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के संतुलित प्रयोग तथा डिजिटल माध्यमों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में कोतवाली के एसएसआई शिव सहाय एवं अनुज यादव ने साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कहा कि ठगी से बचने के लिए 1930 पर डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। शिक्षा, बैंकिंग, चिकित्सा, व्यापार और प्रशासन हर क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि डिजिटल साक्षरता केवल मोबाइल या इंटरनेट चलाने का ज्ञान नहीं है, बल्कि यह सही जानकारी की पहचान, साइबर अपराध से बचाव और डिजिटल नैतिकता को समझने की क्षमता भी है। डा. एनके सिंह ने कहा कि डिजिटल साक्षरता समाज के समग्र विकास की कुंजी है। डा. एसएन कुशवाहा ने कहा कि इंटरनेट ज्ञान का विशाल भंडार है। सही और गलत जानकारी में अंतर करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वसनीय स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करने और अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी। डा. आर.बी. शर्मा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं, ई-पुस्तकें और वेबिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# बिना नोटिस काटा बिजली कनेक्शन, लोगों में रोष

संवाददाता,कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार**। भैंसापाली गांव में बिजली विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप है विभागीय चेकिंग अभियान के दौरान अवर अभियंता ने बिना पूर्व सूचना उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटवा दिए।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग की टीम उनके गांव बकाया वसूली के लिए पहुंची थी। इस दौरान कथित रूप से बिना नोटिस दिए कनेक्शन विच्छेद कर दिए। राम रतन कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा और धर्मदास कुशवाहा ने बताया कि अवर अभियंता दयानंद यादव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि कनेक्शन जोड़ने के लिए दो-दो हजार रुपये जमा कराने की बात कही गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार छह-छह महीने तक विभाग का कोई कर्मचारी बिल निकालने नहीं आता है। जिससे बिल एकमुश्त अधिक राशि में जारी होता है और समय पर जमा करना मुश्किल हो जाता है। कुछ उपभोक्ताओं ने बिल अधिक आने की भी शिकायत की है। उनका कहना है कि शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं होती। पूर्व प्रधान स्व लोकनाथ कुशवाहा के पुत्र विकास ने बताया कि उन्होंने पूरा बिल जमा कर दिया था। इसके बावजूद कनेक्शन काट दिया। ग्रामीणों का कहना है कि नियमानुसार नोटिस देने के बाद 15 दिन का समय दिया जाता है, लेकिन इस प्रक्रिया का पालन नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब अवर अभियंता दयानंद यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सभी को अलग-अलग नोटिस नहीं दे सकते है। उपभोक्ता बिल को ही नोटिस मानें। इस मामले में ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति रोष साफ नजर आ रहा है।

# फल संरक्षण विषय पर गोष्ठी स्थान पाने वालों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में फल संरक्षण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि फल संरक्षण विभाग से हरिओम आर्या ने फल संरक्षण के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि फलों को सूक्ष्मजीवों एंजाइमों और खराब होने से बचकर लंबी अवधि तक सुरक्षित ताजा और पौष्टिक बनाए रखना है। इसके लिए नमी कम करना चीनी / नमक का प्रयोग प्रतिशत या डिब्बा बंदी जैसी वीडियो का प्रयोग किया जाता है। यह तकनीक आर्थिक लाभ के लिए आचार जैम और मुरब्बा मुरब्बा जैसे उत्पाद बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि बे मौसम भी फलों का स्वाद और पौष्टिकता मिलती है। खेत से तोड़े गए फलों की बर्बादी को रोकना, बनाकर आय में वृद्धि करना इत्यादि के बारे में बताया।



स्पर्धा में स्थान पाने वाली छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अशोक बाबू ने स्वयंसेविकाओं को आशीष वचन दे फलों के अचार की विधि लिखने वाली वर्षा ओमरे को प्रथम, निकहा सोनकर को दूसरा तथा साक्षी और पूर्णिमा को तीसरा स्थान मिलने पर बधाई दी। संचालन इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी लवकुश कुमार ने समापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी ने किया। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में सुषमा कुशवाहा तथा परिचारिका ज्ञानवती ने सहयोग प्रदान किया।

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, गृहस्थी जली

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। बारात लौटकर आने के बाद घर में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव होने से घटित हुई। कस्बे के चांद थोक निवासी अभिनंदन सिंह भदौरिया के छोटे पुत्र प्रतीक सिंह की शादी 19 फरवरी को थी। शुक्रवार को बारात विदा होकर घर लौटी। रात करीब 8:30 बजे बारातियों एवं रिश्तेदारों के लिए खाना तैयार कराया जा रहा था। तभी गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। जब तक कुछ समझ आता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे हड़कंप मच गया। दुल्हन को घर से निकालकर बाहर बैठाया गया। आग से 25 हजार रुपये नकद, सरसों, गेहूं, चना, मसूर, अरहर, जौ, चावल कपड़े आदि गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गृहस्वामी ने बताया कि आग से करीब तीन लाख की क्षति हुई है। आसपास के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। गृह स्वामी का आरोप है कि फायर बिग्रेड के देर से आने से भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

# मनरेगा की हाजिरी में चल रहा बड़ा खेल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। एपीओ मनरेगा की मिलीभगत से ग्राम पंचायतों में मजदूरों की हाजिरी में बड़ा खेल खेला जा रहा है। एपीओ सब कुछ देखने के बाद आंखें बंद कर मौन सहमति दिए हैं मामला उजागर होने पर अपने बचाव में कार्य को शून्य घोषित कर देते हैं।

ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के कार्यों में मजदूरों की हाजिरी में बड़ा खेल चल रहा है। मस्टर रोल में मजदूरों की अपलोड होने वाली फोटो में मजदूरों की संख्या कुछ और होती है और हाजिरी की संख्या कुछ और होती है। ऐसा एक दिन नहीं प्रतिदिन होता है। शनिवार को ग्राम पंचायत पलरा में अपलोड की गई फोटो में कुछ ऐसा ही अंतर नजर आया। फोटो और मस्टर रोल की हाजिरी में महिला पुरुष के हाजिरी का फर्क भी नहीं देखा गया और हाजिरी चढ़ाकर वेबसाइट में अपलोड कर दी जाती है। शुक्रवार को ऐसा ही हाल ग्राम पंचायत सौंखर में किया गया था। यहां पांच घंटे में मजदूर ही बदल गए थे। यही सिलसिला अन्य पंचायतों में प्रतिदिन चलता है। खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।



पलरा गांव से संबंधित मनरेगा सीट।

सुनी समस्याएं — राठ तहसील परिसर में हुआ जिलास्तरीय समाधान दिवस

# 80 में से आठ शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। तहसील परिसर में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें 80 शिकायतों में से आठ शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें पुलिस, अपराध, राजस्व, आवास योजना, नमामि गंगे, पानी और पेंशन आदि से संबंधित रहीं। इस दौरान कुछ फरियादियों ने बताया कि वह पहले भी संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। लेकिन अधिकारी मौके पर न जाकर घर बैठे ही गलत आख्या लगाकर शिकायत का फर्जी निस्तारण दिखा देते हैं। जबकि वास्तविकता में



शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है। वहीं जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों के गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम अभिमन्यु कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह, सीएमओ डॉ गीतम सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**डीएम से मांगी मिट्टी खनन की परमीशन :** राठ। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में भवन निर्माण करने वाले लोगों ने अपने प्लाटों की भराई के लिए वैध तरीके से मिट्टी खनन करने सहित परिवहन करने की मांग की है। कस्बे के दीवानपुरा निवासी सर्वेश्वरी पत्नी ओमप्रकाश द्विवेदी ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को बताया कि वर्ष 2014 में कस्बे में प्लाट खरीदा था। जिसका दाखिल खारिज भी करवा लिया है। नगर पालिका से परमीशन भी ले ली है। प्लाट को समतल करने के लिए मिट्टी की आवश्यकता है। कहा मिट्टी खनन और परिवहन की परमीशन उपलब्ध कराई जाए।

वहीं सूत्रों का कहना है कि अभी तक क्षेत्र के चरखारी रोड के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोकटोक एवं बेखौफ तरीके से माफिया मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करवा रहे थे। लेकिन अब अवैध खनन में प्रशासनिक अधिकारियों के रोक लगाने से हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने महिला की समस्या पर गम्भीरता से विचार कर निराकरण का आश्वासन दिया है।

### बिजली के झूलते तारों से हो सकती अप्रिय घटना

मौदहा (हमीरपुर) कस्बे में जगह-जगह बिजली के तार झूलते हुए देखे जा सकते हैं। इनसे कभी भी बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। वहीं बिजली विभाग के कान में जू तक नहीं रेंग रहा है। जबकि कस्बावासी लगातार विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत करा चुके हैं। कस्बे के वार्ड नंबर 15 नई बस्ती निवासी रामकुमार सोनी, श्रीओम सोनी, रामकिशन, विनोद, रामआसरे, सुनील गुप्ता, राहुल आदि ने विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि विद्या निकेतन स्कूल के पास एक पोल में लगभग 25 विद्युत कनेक्शन हैं। जिसके तार दीवारों के सहारे लटकाए गए हैं। तार रास्ते में 5 फीट ऊंचाई पर लटक रहे हैं। जिससे निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। विद्युत तार कभी भी टूटकर किसी भी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। अवर अभियंता राजू प्रसाद ने बताया कि विभाग से आदेश मिलने पर जल्दी ही समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एनडीपीएस एक्ट के दोषी को सश्रम कारावास

**चित्रकूट।** एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाए गए व्यक्ति को कोर्ट ने सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 मई 23 को मऊ थाने के एसआई कृपानंदन शर्मा ने चरण सिंह पुत्र भीकम सिंह निवासी रेडी भुसौली को पांच किलो हरे गांजे व 500 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। इस पर थाना मऊ में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना तत्कालीन एसआई इंद्रजीत गौतम ने की थी। सात जून 23 को आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने दोषी पाए गए चरण सिंह को दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### रोजगार मेला 25 को

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए दो कंपनियों द्वारा 25 फरवरी को आईटीआई में रोजगार मेला लगेगा।

# आक्रोशित भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

## यूथ कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन का विरोध, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नई दिल्ली में हुए एआई इंपैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो की अगुवाई में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन सार्वजनिक मर्यादा, शिष्टाचार एवं भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराने के अनेक संवैधानिक और शांतिपूर्ण माध्यम हैं।



पुतला दहन करने जाते युवा भाजपाई। अमृत विचार

अशोभनीय तरीका अपनाना उचित नहीं है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि यह कृत्य अंतराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि को प्रभावित करने वाला है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कृत्य करना कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है। युवा मोर्चा महामंत्री प्रमेंद्र प्रताप, मोहित मिश्रा आदि ने भी इस संबंध में अपनी बातें कहीं। बाद में भाजपाइयों ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। प्रदर्शन में युवा मोर्चा शिवाकांत पांडेय, उज्जवल गुप्ता, मानू मिश्रा, अमन पटेल, आभेष मिश्रा, अशोक पांडेय, विनीत पयासी, लवकुश यादव, जितेंद्र केशरवानी, पवन बद्री, जवाहर सोनी, श्याम गुप्ता, किशन अग्रहरि, आदित्य सुरेंद्र सिंह, सोनू खंगार, दीपक द्विवेदी, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति से की संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग

- राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्र ने कहा है कि एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, जहां देश विदेश के प्रतिनिधि तकनीकी विशेषज्ञ और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहते हैं, इस प्रकार का प्रदर्शन भारत की गरिमा के अनुकूल नहीं है। उक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक व उचित कार्रवाई करें, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बिजली के नकली उत्पाद बेचने के आरोप में एफआईआर दर्ज

**चित्रकूट।** पुरानी बाजार स्थित एक दुकान के मालिक के खिलाफ बिजली उत्पाद बनाने वाली कंपनी के जांच अधिकारी ने कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोरखपुर निवासी शिवम गुप्ता ने बताया कि वह हैवल्स इंडिया लिमिटेड और टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड कंपनी के ट्रेडमार्क और कापीराइट उल्लंघन आदि मामलों में स्थानीय पुलिस की मदद से कानूनी कार्यवाही के लिए अधिकृत है। कंपनियों को विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि पुरानी बाजार स्थित एक विक्रेता द्वारा कंपनी के कापीराइट का प्रयोग कर नकली केबिल और इलेक्ट्रिक कैटिल का क्रय विक्रय और सप्लाई की जा रही है। इससे कंपनी की छवि खराब हो रही है और आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। इस संबंध में कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया। इसके बाद वह और कंपनी की टीम कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, एसआई अंशुल कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, राहुल देव, विकास यादव के साथ दुकान पहुंचे।

# आत्महत्या को उकसाने के दोष को दस साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



- पत्नी-बेटी की हत्या कर ग्रामीण ने कर ली थी खुदकुशी

**अमृत विचार।** किशोरी को प्रेम का झांसा देकर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने और उसके पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी युवक को जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसे 10,000 रुपये का अर्थदंड भी दिया। इस मामले में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद ग्रामीण ने भी फांसी लगाकर जान दे दी थी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बहिलपुरवा थाने के एक गांव निवासी अनिल कुमार ने 14 मार्च 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चाचा ने 13 मार्च को अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपनी पत्नी और बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने घर से बाहर जाकर एक पेड़ में फांसी से लटककर आत्महत्या कर ली। उसने बताया था कि उसके चाचा की बेटी को पास के गांव के निवासी युवक पंकज यादव ने बहला फुसलाकर कर प्रेम का झांसा दिया और उसके साथ आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। इसके बाद ब्लैकमेल करने की मंशा से उसने वीडियो वायरल कर दिया था। इससे आहत होकर उसके चाचा ने पत्नी और बेटी को मारकर स्वयं आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से आरोपी जेल में है। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने निर्णय सुनाया। पंकज यादव को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ 10,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# फीस जमा न होने पर नहीं दिया प्रवेश पत्र

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** फीस की निर्धारित रकम न जमा कर पाने से छात्रा इंटर की परीक्षा में नहीं बैठ पाई। विद्यालय प्रशासन ने उसका प्रवेश पत्र नहीं दिया है। छात्रा के भाई ने इस मामले की शिकायत एसडीएम से की है। शासन ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्राओं की शिक्षा मुफ्त कर अन्य सुविधाओं का भी ऐलान किया है लेकिन निजी विद्यालयों के संचालकों के लिए यह आदेश ठेंगा पर है जिसका उदाहरण शनिवार को सामने आया है। समाधान दिवस के दौरान नगर के मुहल्ला राजेपुरा निवासी मु. रजा पुत्र मुइन खान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसकी बहन इरम मुहल्ला स्थित ग्रीन वेली इण्टर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा है लेकिन वह निर्धनता के चलते फीस नहीं दे पाया। जिसपर विद्यालय प्रशासन ने प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया। जबकि वह आधी फीस मौके पर देने के लिए तैयार था लेकिन उन्होंने पूरी फीस लिए बिना प्रवेश पत्र नहीं दिया जिससे वह परीक्षा में नहीं बैठ पाई और उसका साल बरबाद हो गया। उन्होंने एसडीएम से फरियाद की है कि विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर कड़ी कार्रवाई की जाए।


पीड़ित छात्रा।

एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार छात्रा, परीक्षा शुरू होने से पूर्व शिकायत करती तो कुछ मदद हो सकती थी अब दो पेपर छूट चुके हैं जिससे अब और कुछ ज्यादा सम्भव नहीं है फिलहाल जांच की जाएगी और प्रबंधन दोषी मिला तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय प्रबंधक से बात करने पर उन्होंने बताया कि लड़की का भाई विद्यालय में प्रवेश पत्र लेने आया था उससे फीस के बकाया पैसे मांगे जैसे सभी बच्चों से मांगे जाते हैं वह बोला हम अभी पैसे लेकर आते है उसके बाद वह विद्यालय आया ही नहीं अगर वह विद्यालय आता तो अन्य बच्चों की तरह उसका भी प्रवेश पत्र दिया जाता।

### अंजुम आरा ने किया पीसीएस-जे में टॉप

**चित्रकूट।** ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क से इंटर्नशिप करने वाली छात्रा अंजुम आरा ने छत्तीसगढ़ से पीसीएस (जे) में प्रथम रैंक से राज्य में टॉप किया है। ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि अंजुम आरा मूलतः अमेठी क़ी रहने वाली हैं और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से लॉ कोर्स करके डिग्री प्राप्त की। छत्तीसगढ़ से पीसीएस में टाप किया यह उपलब्धि लीगल नेटवर्क के लिए खुशी की बात है। उन्होंने बताया कि उनके पिता शमीम अहमद एसबीआई में सहायक प्रबंधक हैं और मां अख्तरी बेगम घरेलू महिला हैं।


अंजुम आरा।

छात्रा ने दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश में भी रैंक हासिल की है। लीगल नेटवर्क के कार्यकर्ता राम सहाय, शिवम् द्विवेदी अजय, बाबूराम, केके यादव, आरएस शुक्ला, महेंद्र, मनघूमन, शिव प्रसाद, लल्लूराम, रामप्रताप, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रमेश प्रसाद यादव एडवोकेट आदि ने भी बधाई दी।

# होली का त्योहार आते ही सक्रिय हुए मिलावट खोर

संवाददाता, कुसमिलिया (जालौन)

- खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम कर रही औपचारिकता
- खोवा में मिलावट रोकने के लिए बनाई गई है टीम

**अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटखोर भी पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। विभाग ने इस पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम गठित की है लेकिन यह टीम क्षेत्र में जाकर महज औपचारिकता निभाकर लौट आती है और आज तक किसी भी मिलावटखोर को पकड़ नहीं सकी है। डकोर ब्लॉक के गांवों में मिलावटी मिठाई और खोवा तैयार करने के लिए अभी से ही भट्ठियां धधकने लगी हैं। होली पर सबसे ज्यादा खोवा और इससे बनी मिठाइयों की बिक्री होती है। इस खोए से सबसे ज्यादा गुझिया तैयार की जाती है। इसके अलावा खोवा की बर्फी के साथ ही अन्य मिठाइयां भी बनाई जाती हैं। मिलावटी खोवा बनाने का काम तेज हो गया है। यह खोवा सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में दूधियों द्वारा तैयार किया जाता है।

होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोर पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं और अभी से ही मिलावटी खोवा और मिठाई बनाने में जुट गए हैं लेकिन इस पर रोक लगाने में खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह से नाकाम है। विभाग ने इस पर रोक लगाने के लिए टीम तैयार कर अधिकारियों को लगाया है। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ये अधिकारी क्षेत्र में जाते हैं और औपचारिकता निभाकर चले आते हैं क्योंकि इनकी साठगांठ से ही यह धंधा ग्रामीण क्षेत्रों में फल-फूल रहा है और इन्हें यह भी पता है कि यह खोवा और मिठाई कहां पर तैयार की जा रही है लेकिन इनकी मिलीभगत होने की वजह से इनके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

वहीं गांव के साथ साथ शहर में भी मिलावटी मिठाई और खोवा के साथ ही मिलावटी कचरी, पापड़ और नमकीन बनाए जाने का काम भी तेज हो गया है। शहर में तो कई स्थानों पर कचरी और पापड़ की फैक्टरियां बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं।


अधिकारियों व ट्रॉफी के साथ वॉलीबाल टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# बालिकाओं की वॉलीबाल टीम का किया गया स्वागत

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिला और मंडल स्तर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की वालीबाल बालिका टीम को संयुक्त निदेशक चित्रकूटधाम मंडल राधेश्याम यादव एवं प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार द्विवेदी ने सम्मानित किया।

गौरतलब है कि बीते साल मानिकपुर में हुई जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में टीम विजयी रही। इस साल जनवरी में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भी टीम ने बाजी मारी। फरवरी में जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 20 फरवरी को लखनऊ में संपन्न हुई प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में बालिकाओं की वालीबाल टीम ने फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयुक्त निदेशक ने टीम की कप्तान दीपा और सदस्यों खुशी गुप्ता, हर्षिता केशरवानी, रोशनी, निरंजना, ज्योति एवं खुशी को कार्यक्रम में बधाई दी। क्रीड़ा प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव एवं स्मिता सिंह की भी सराहना की गई।

### बारातियों ने युवतियों से की छींटाकशी, दूल्हे की बुआ सहित कई घायल

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ाखास में जयमाला के दौरान बाराती पक्ष द्वारा युवतियों के साथ छींटाकशी किए जाने पर संघर्ष हो गया जिसमें दूल्हे की बुआ सहित दूल्हे के कई संबंधी घायल हो गये है।

मालूम हो कि शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढाखास निवासी गोकुल निषाद की बेटी की बारात हमीरपुर जनपद के ग्राम रीवन से आई थी जिसका लड़की पक्ष ने खूब स्वागत सत्कार भी किया था और खुशी और उत्साह के साथ द्वाराचार की रस्म भी हुई लेकिन जयमाला के दौरान दूल्हे के किसी नजदीकी संबंधी के द्वारा लड़की पक्ष की किसी युवती के साथ छींटाकशी कर दी गई जिससे ग्रामीण नाराज हो गये और वहां मौजूद बारातियों पर हमला कर दिया। इससे शादी का समारोह कुछ देर के लिए जंग का मैदान बन गया। बारात में आईं दूल्हे की बुआ गीता के अलावा मोहित निषाद, संतोष तथा नाबालिग दशरथ पुत्र मोहन लाल घायल हो गये। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी कालपी में इलाज के लिए दाखिल कराया, जिसमें नाबालिग का हाथ टूटा निकला है।

### एडीएम ने किया मऊ तहसील का निरीक्षण

**मऊ (चित्रकूट)।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने शनिवार को मऊ तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी न्यायालय, अभिलेखागार और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों में व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित मामलों और भूलेख रिकॉर्ड की प्रतियों की व्यवस्थाओं की भी जांच की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दस्तावेज़ों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन, न्यायिक उप जिलाधिकारी पूजा गुप्ता, तहसीलदार मऊ राम सुधार रहे।

# मौरंग का अवैध परिवहन करते ट्रक सीज

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बालू का अवैध परिवहन बंद नहीं है। शुक्रवार देररात एसडीएम की अगुवाई में चले अभियान में आधा दर्जन से अधिक ट्रक पकड़े गए हैं जिनके पास खनिज प्रपत्र नहीं थे। सभी को सीज कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

वैसे तो इस क्षेत्र में बालू का अवैध परिवहन कोई नया नहीं है बल्कि वर्षों से जारी है जिसकी बानगी हाईवे में बनी नालियां दे रही हैं हालांकि प्रशासन समय समय पर अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई भी करता है लेकिन इसके बावजूद भी इस खेल पर विराम नहीं है और इसी के चलते शुक्रवार देररात एसडीएम मनोज कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में जोल्हूपुर व इटौरा रोड पर हुई आकस्मिक चैकिंग में करीब छह ट्रक हत्थे चढ़ गये जिनके पास खनिज प्रपत्र नहीं थे जिसके चलते इन्हें कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में मण्डी परिसर में खड़ा करा दिया गया है।


कार्रवाई करते एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

### वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बरगढ़ थाना क्षेत्र के मुरका में बीती रात हाईवे पार कर रहे दीपू (22) पुत्र रामजतन कोल को बरगढ़ से प्रयागराज की ओर जा रहे वाहन ने टक्कर मार दी। दीपू वाहन में फंसकर करीब बीस मीटर तक घिसटता रहा। वह शाम को पास की दुकान गया था। हाईवे पार करते समय वह वाहन की चपेट में आ गया। दीपू पुणे में एक निजी कंपनी में काम करता था।

# जर्जर विद्युत पोल बना खतरा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यालय के कपसेठी चौराहा स्थित बहादुरपुर रोड के पास लगा विद्युत पोल पिछले करीब छह माह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जंग लगा खड़ा है। इससे आसपास रहने वाले लोगों में दहशत बनी हुई है। पोल की हालत इतनी खराब है कि वह नीचे से गल चुका है और ट्रांसफार्मर व तारों का पूरा भार उसी पर टिका हुआ दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसे नहीं बदला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। निवासियों अवनीश, चंद्रशेखर, शकुंतला, शिवकुमार, वीपी निर्मल, मूलचंद आदि ने बताया कि यह पोल लंबे समय से खतरनाक स्थिति में है। बरसात और तेज हवा के दौरान पोल हिलता हुआ साफ दिखाई देता है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को खतरा बना रहता है। लोगों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार रानीपुर भट्ट विद्युत उपकेंद्र के जेई को अवगत कराया जा चुका है लेकिन पोल को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही साफ दिखाई देती है ट्रांसफार्मर रखने के लिए पास में नया चबूतरा भी बनवा दिया गया है, लेकिन उसे पुराने जर्जर पोल के सहारे ही छोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि पोल गिरने की स्थिति में न केवल बिजली आपूर्ति बाधित होगी बल्कि जान-माल का भारी नुकसान भी हो सकता है।


जर्जर पोल से आसपास के लोगों में दहशत।

# बाल विवाह के खिलाफ रथयात्रा से करेंगे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के तत्वाधान में बाल विवाह के संबंध में जागरूकता बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता सांसद कृष्णा देवी पटेल ने की। सांसद ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जो बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती है।

सांसद ने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सांसद ने लोगों को शपथ भी दिलाई। उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने कहा कि प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने भी इस संबंध में जानकारी दी। संस्था के सचिव शंकर दयाल ने बताया कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता रथयात्रा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। इसके बाद जागरूकता यात्रा को तहसील परिसर से सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश माथुर, क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार रहे।

तैयारी | नानाजी देशमुख स्मृति तिरंगा यात्रा के लिए संपर्क शुरू

# नानाजी देशमुख की याद में निकलेगी तिरंगा यात्रा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में 25 फरवरी को तीर्थक्षेत्र में एक हजार फीट से अधिक लंबी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए यात्रा समिति के सदस्यों का जनसंपर्क जारी है।

विशाल तिरंगा यात्रा समिति के संयोजक ओमराज तिवारी व अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चौबे से मुलाकात कर विचार विमर्श किया। ओमराज ने बताया कि तिरंगा यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर भरत घाट तक जाएगी।



तिरंगा यात्रा के पोस्टर्स के साथ ग्रामोदय विवि के कुलपति, यात्रा संयोजक व सदस्य। अमृत विचार

स्थानीय नागरिकों को जोड़ने के उद्देश्य से 24 फरवरी तक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बताया कि यह तिरंगा यात्रा पिछले छह वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है, जो राष्ट्रसेवा, ग्रामोदय एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक माध्यम बन चुकी है।

# इस बार डिजीटली कराया जाएगा जनगणना का काम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें जनगणना 2027 की तैयारियों पर चर्चा हुई। सीडीओ ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह से डिजीटल रूप में की जाएगी।

सीडीओ ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रकिया है। सभी प्रगणकों द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से घर घर जाकर डाटा संकलन किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं परिवार की संपत्तियों व उपलब्ध सुविधाओं का डाटा एकत्र किया जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों के लिए स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेगें। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना 2027 के लिए निर्धारित मानकों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी/कर्मचारी आपसी समन्वय बनाकर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करें। यह भी निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी आवश्यक साधनों, तकनीकी तथा अन्य कार्मिकों की उपलब्धता व अन्य व्यवस्थाओं को समय से बताएं। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय के जिला प्रभारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण 24 से 27 फरवरी तक लखनऊ में दिया जाएगा। ये मास्टर ट्रेनर जिला स्तर पर 34 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण देंगे।

अमृत विचार
रविवार, 22 फरवरी 2026



प्रेम अगम अनुपम अमित
सागर सरिस बखान
जो आवत यहि ढिग बहुरि
जात नहीं रसखान।

रसखान कहते हैं, प्रेम का ज्ञान नहीं होता। वह अनुभव आधारित होता है। वह अथाह और अनुपम होता है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती। वह रस से सराबोर किए रहता है। जो इस प्रेम रूपी समुद्र के किनारे आ जाता है, वह फिर लौटकर वापस नहीं जा पाता।



# मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं, लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी सी जगह चाहते हैं। दौड़ाने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं, जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।'

पशुओं से अपने कुल या वंश का संबंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं, लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।

> वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है, उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम-तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इंद्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता है।

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं, लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता है। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है।

गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं, उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। गिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आम जनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्मांड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है, 'शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।' राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है,' कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।' गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है।

बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है।

यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एआई इंपैक्ट समिट: वैश्विक सराहना और संभावनाएं

भारत में आयोजित हालिया एआई समिट केवल एक तकनीकी सम्मेलन नहीं था; यह 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा जैसा अवसर था। नई दिल्ली के मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता, उद्योगपति और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ बैठे, तो संदेश साफ था- भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नीति और नवाचार का निर्माता बनना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत की एआई दृष्टि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका जोर इस बात पर था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित शक्ति न बने, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है और एआई इसी आधार पर आगे बढ़ेगा।



शिवेंद्र सिंह बघेल
लेखक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंच से भारत की डिजिटल क्रांति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक में भारत ने करोड़ों लोगों को डिजिटल पहचान और बैंकिंग से जोड़ा है और अब वही ढांचा एआई के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैक्रोन का यह कथन कि 'भारत ने पैमाने पर तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है', सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि वैश्विक मान्यता का संकेत था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि भारत एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उनके शब्दों में, 'अगर नवाचार और सुरक्षा साथ चलें, तो भारत वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।' तकनीकी जगत के नेताओं ने भी भारत की भूमिका को रेखांकित किया। ओपनएआई के प्रमुख सैम आल्टमैन ने भारत की प्रतिभा और डेवलपर इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला दशक एआई नवाचार में भारत का दशक हो सकता है, बशर्ते नीति और नैतिकता पर संतुलित दृष्टि बनी रहे।

> भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इन तमाम बयानों में एक साझा भाव था, भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इसी मंच पर एक ऐसी घटना भी घटी, जिसने इस सकारात्मक विमर्श पर छाया डालने का काम किया। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मंच पर चढ़कर टी-शर्ट उतारकर विरोध दर्ज कराना निस्संदेह लोकतांत्रिक असहमति का एक रूप हो सकता है, परंतु उसके समय और स्थान पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। जब देश-विदेश के नेता और विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता पर चर्चा कर रहे हों, तब इस प्रकार का प्रदर्शन मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रास्ते

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021–22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है।

स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।



सरिता अरमोली
एक्टिविस्ट

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। गांव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएं पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियां जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएं और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए, लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# दांव पर बचपन: निर्णायक कदम की जरूरत

दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देखकर कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है, क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूंजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुंचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे?

> इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री से कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों को क्यों परोसी जा रही हैं?

यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं। अनवरत स्क्रीन पर उंगली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है- क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विशैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे?



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है- क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियां बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है, क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी?

विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं। कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है, इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है, क्या यह पर्याप्त है? मैक्रों का स्पष्ट मत है, जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है, क्या वह प्रतीक्षा करेगा?

यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। अब निर्णय की घड़ी आ पहुंची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है। क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ'

जीवन में अच्छे-बुरे दोनों अवसर आते हैं। कोई सोचे कि केवल अनुकूल और सकारात्मक ही अवसर आएंगे, तो यह एक तरह से गलत विचार ही माना जाएगा। वैसे भी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में 'हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ' चौपाई के जरिए अवगत कराया है कि कभी भी एक जैसा समय नहीं रहेगा। अतः व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। लाभ हो गया तो उसे प्रभु की कृपा माननी चाहिए तथा हानि हो गई तब भी भगवान की ही कृपा माननी चाहिए। इसी प्रकार अच्छा खासा जीवन जीने वाले की असमय में मृत्यु हो जाती है। किसी का वश नहीं चलता कि मृत व्यक्ति को जीवित कर दे। यश-अपयश भी ईश्वरीय देने है। जीवन में यश मिलता है तो अपयश भी मिलता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्म ग्रंथों में विसंगतियों को भगवान तक झेलने के लिए विवश हुए हैं। शिव जी के विवाह के समय उनकी अर्धांगिनी पार्वती जी की मां मैना ने विसंगतियां खड़ी कर दीं। शिव का स्वरूप देखकर वे विवाह का विरोध करने लगीं, लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि शिव जी देवों के देव हैं तथा ईश्वर हैं, तब कहीं जाकर मैना विवाह के लिए तैयार हुईं। इसी तरह की विसंगति त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के साथ हुई।

एक ओर उनके राज्यारोहण की तैयारी हो रही थी कि उसी समय विसंगतियां आ खड़ी हुईं। राजा दशरथ की दूसरी पत्नी कैकेई ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर रंग में भंग डाल दिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की जगह उन्हें 14 वर्षों का वनवास दे दिया गया। भगवान श्रीराम वनवास से जरा भी विचलित नहीं हुए और बड़ी प्रसन्नता से वनवास स्वीकार किया और यहां तक कहा, 'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू, जहं अब होहिं मोर बड़ काजू।' ऐसा हुआ भी।

वनवास के दौरान उन्होंने ऋषियों-संतों की रक्षा की, जबकि राक्षसों का वध किया। 14 वर्षों के इन कार्यों की वजह से वे पूज्य हो गए। उनके शासन को कोई नहीं जानता, जबकि 14 वर्षों के वनवास को सभी जानते हैं। अतः मनुष्य को विसंगतियों से नहीं घबराना चाहिए। हो सकता है कि विसंगतियां जीवन को और निखार दें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# दिल ढूंढता है फिर वही संयुक्त परिवार के सुकून भरे दिन



आधुनिक जीवन शैली ने पारिवारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। संयुक्त परिवारों का टूटना, एकल परिवारों का बढ़ना और आपसी संवाद में कमी मानसिक तनाव को और गहरा कर रही है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों से दूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक भावनात्मक सहारा कमजोर पड़ रहा है। आर्थिक असुरक्षा, सीमित आय, परिवार की जिम्मेदारियों का दबाव और रिश्तों में बढ़ती दूरी मन को अस्थिर कर देती है। पति-पत्नी के बीच मतभेद, पारंपरिक और आधुनिक सोच का टकराव तथा रिश्तों में अनावश्यक हस्तक्षेप पारिवारिक तनाव को जन्म देते हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौती काम नहीं, बल्कि काम से जुड़ा दबाव और समाज में बनी इमेज है। परिवार की उम्मीदें, रिश्तेदारों की तुलना और लोग क्या कहेंगे का डर इंसान को भीतर से तोड़ देता है। हम मुस्कुराते हुए भी भीतर से टूटते रहते हैं। यही मानसिक दबाव धीरे-धीरे शरीर और व्यवहार दोनों को प्रभावित करता है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इसके लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। लगातार चिंता, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या, शारीरिक थकान, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन। ऐसे संकेत लंबे समय तक बने रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर परामर्श और उचित उपचार मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इसका सबसे गहरा असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। पारिवारिक कलह, संवाद की कमी और माता-पिता की बढ़ती महत्वाकांक्षा उनके मन पर गहरा प्रभाव डालती है। बेहतर अंक और ऊंचे करियर की उम्मीदें कई बार बच्चों को अपनी भावनाएं दबाने पर मजबूर कर देती हैं।

समाधान की शुरुआत परिवार से ही होती है। खुला संवाद, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और अपनापन ही मानसिक सुकून की पहली सीढ़ी है। बच्चों को तुलना नहीं, सहयोग की जरूरत होती है। युवाओं को आलोचना नहीं, विश्वास चाहिए और बुजुर्गों को उपेक्षा नहीं, सम्मान और साथ चाहिए। यदि तनाव अधिक बढ़ जाए तो विशेषज्ञों से सलाह लेने में झिझक नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। प्रत्येक जिले में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और उच्च तनाव वाले पेशों के लिए नियमित काउंसलिंग आज समय की मांग है।

परिवार का टूटना केवल सामाजिक ढांचे का बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक पीड़ा है। संवेदनशीलता, समझ और आपसी सहयोग से ही इस पीड़ा को कम किया जा सकता है। जब समाज सफलता से पहले इंसानियत को महत्व देना शुरू करेगा, जब उपलब्धियों से पहले खुशहाली को प्राथमिकता दी जाएगी और जब संवाद को चुप्पी पर तरजीह मिलेगी, तभी मानसिक स्वास्थ्य का वास्तविक संरक्षण संभव होगा। मानसिक सुकून कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है। जब तक इंसान अपने मन को समझना नहीं सीखेगा, तब तक बाहरी सफलताएं भी उसे सच्ची शांति नहीं दे पाएंगी।

मानसिक तनाव आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी परेशानी नहीं रहा, बल्कि यह एक गंभीर और तेजी से बढ़ती वैश्विक चुनौती बन चुका है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निर्भरता और सामाजिक अपेक्षाओं ने इंसान के भीतर ऐसा दबाव पैदा कर दिया है, जिसे वह रोजमर्रा की मुस्कान के पीछे छिपाकर जी रहा है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर ही भीतर मन थक चुका होता है। यही थकान धीरे-धीरे चिंता, बेचैनी और निराशा में बदल जाती है, जो जीवन की दिशा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करती है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक शांति को चुनौती भी दी है। मोबाइल और स्क्रीन की लगातार उपस्थिति नींद को प्रभावित कर रही है, एकाग्रता कम कर रही है और मन में अस्थिरता पैदा कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### ईनामी दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश में जिले पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपद वासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर रही है, जिस क्रम में थाना श्रीनगर और एसओजी पुलिस टीम ने संयुक्त रु से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित और 25 हजार ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त रामजी यादव (26) पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम मझगंवाखुर्द थाना अजनर को थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के पास से नियमानुसार पकड़ा है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली थाना श्रीनगर टीम में थानाध्यक्ष जयचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार ओझा, कांस्टेबल विवेक दिवाकर। एसओजी टीम में उपनिरीक्षक विवेक यादव, कांस्टेबल दीपक वर्मा, रंजीत सिंह, आशीष बघेल, निर्भय सिंह, सत्यम सिंह जादौन व निलेश शामिल रहे।

### बच्चों और मरीजों की जांची सेहत

**बेलाताल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके जैतपुर की टीम ने कंपोजिट विद्यालय नगारा और आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 138 बच्चों की सेहत की जांच कर निशुल्क दवाएं देकर आवश्यक सलाह भी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अंबुज गुप्ता व सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में स्वास्थ्य टीम के डॉ. प्रेमनारायण शर्मा, डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले और संगीता ने कंपोजिट विद्यालय नगारा में 73 और आंनगबाड़ी कैंप में 65 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उधर शासन के निर्देश पर ग्रामीण अंचल मे स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर की दूसरी स्वास्थ टीम ने पसीना गांव में 129 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की साथ ही दन्त चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह ने आए मरीजों के दांतों की दिक्कतों को चेक किया और दांतों से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी। वही टीम के सदस्य डॉ. रामकुमार ने संक्रामक बीमारियों के बारे मे विस्तार से ग्रामीणों को रूबरू किया। इस मौके पर सीएचओ पूनम, एएनएम रानी नामदेव, संगनी देवकुमारी, आशा सुषमा आदि स्वास्थ्य टीम के सदस्य मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बीएलओ आज बूथों पर जाकर आपत्तियों पर करेंगे कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिये गये निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से 22 फरवरी रविवार को समस्त पदाभिहीत स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है।

यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारजद्वाज ने जारी विज्ञप्ति के में देते हुए बताया कि 22 फरवरी को जिले के समस्त बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक उपस्थिति कार्य को सुनिश्चित कराएंगे और दावे और आपत्तियां प्राप्त करने अग्रिम कार्रवाई करेंगे। दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सभी फार्मों भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। बताया कि 6 जनवरी को आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली, गणना अवधि दौरान अप्राप्त (असंग्रहणीय) श्रेणी में नो-मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियां से संबंधित निर्वाचकों की सूची और अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक, डुप्लीकेट सूची भी बीएलओ के पास उपलब्ध रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकानी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों का उनके व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बूथों का पर्यवेक्षण करेंगे साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण करेंगे। बताया कि मतदाताओं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर स्वयं निर्धारित फार्म पर आवेदन कर सकता है।

# एनएसएस शिविर में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)




शिविर में भोजन बनातीं छात्राएं व गोष्ठी में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एनएसएस इकाइयों के स्वयं सेवक व सेविकाएं शिविर के माध्यम से प्रतिदिन दिन रैली, गोष्ठी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इसी क्रम में नगर के जय बुंदेलखंड महाविद्यालय की एनएसएस के पांचवें दिन छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रैली निकालकर स्वास्थ्य जीवन जीने के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं श्रीकिशोर गोस्वामी महाविद्यालय की छात्र छात्राओं ने स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

श्रीकिशोर गोस्वामी महाविद्यालय में लगाए जा रहे विशेष शिविर के पांचवें दिन एनएसएस की छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार को लेकर जागरूक किया। उन्होंने शुद्ध बुन्देलखंडी भोजन चूल्हे की आग से बनाकर मुख्य अतिथि और शिक्षकों को खिलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कल्पना अवस्थी ने पौष्टिक भोजन की सराहना करते स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी विपिन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक छोटेलाल, कृष्णकांत प्रजापति, विनीता, इखलाक अहमद, संगीता, पुष्पा देवी, अनूप यादव, दशरथ, सचिन, राजेन्द्र, नीरज, आदि स्टाफ सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं। श्रीकिशोर गोस्वामी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर रैली निकाली गई। रैली में प्रवक्ता एहतेशाम ने पोषण युक्त भोजन के बारे में समझाया और टावर से निकलने वाला रेडिएशन हमारे शरीर को कितना नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम में प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार एवं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रवि तिवारी, ईशा, सुरेश नगायच, शिवम विश्वकर्मा की देखदेख अभियान चलाया गया।

- छात्राओं ने चूल्हे में भोजन बनाकर मुख्य अतिथि व शिक्षकों को परोसा

### शिविर में साइबर सुरक्षा पर गोष्ठी

- साई डिग्री कालेज की एनएसएस शिविर के पांचवें दिन साइबर सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने आनलाइन फ्राड, फिशिंग, ओटीपी सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन सोशल इंजीनियरिंग, फेंक लिंक और डिजिटल भुगतान से जुडे ठगी के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोष्ठी का उद्देश्य जनज न तक साइबर ठगी जैसे बैंक खाते से पैसा चोरी होना, ब्लैकमेलिंग, हनीट्रैप आदि घटनाओं से सतर्क करना है, जिससे आम इंसान को होने वाली क्षति को कम किया जा सके। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मैराज खान ने साइबर सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए छठवे दिन की कार्य योजना बताई।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चरखारी तहसील में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 66 शिकायतों में से 3 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर डीएम के अलावा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। तहसील चरखारी से कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और यदि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। डीएम ने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की उपस्तिथि में 40 शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए 04 शिकायतों का निस्तारण कर शेष शिकायतों को संबन्धित अधिकारियों को सौंपा गया।

### पुलिस व राजस्व विभाग की आईं सबसे ज्यादा शिकायतें

- **कुलपहाड़।** तहसील प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता और पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की मौजूदगी में आयोजित तहसील समाधान दिवस संपन्न हुआ। जहां पर 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग से प्राप्त हुईं हैं। जिन्हें मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ता सद्दू पुत्र मुन्ना पनवाड़ी ने पारिवारिक बंटवारा से संबंधित शिकायती दी। हरदयाल पुत्र नाथूराम ग्राम जमाला ने जमीनी विवाद की दी। राम किशोर पुत्र दीनदयाल ग्राम पनारा ने अपनी पुत्री के ससुरालीजनों के खिलाफ पुत्री को परेशान करने संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। गोमती पुत्री सरमन ने भूमि विवाद सहित अन्य पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमोल सिंह चौहान, पूर्ति निरीक्षक राजेश वर्मा, डूडा विभाग के जेई लवकुश कुमार, खंड विकास अधिकारी जैतपुर पनवाड़ी, बाल विकास परियोजना पनवाड़ी उमा गुप्ता रहे।



निर्माणाधीन जिला जेल का निरीक्षण करते डीआईजी। अमृत विचार

# डीआईजी ने निर्माणाधीन जेल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उपकारागार का निरीक्षण कर डीआईजी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृत विचार।** प्रयागराज वाराणसी रेंज के डीआईजी जेल, राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिले में एक दिवसीय दौरा किया। इस मौके पर डीआईजी ने जिला उप-कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों के मानवाधिकारों और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए। डीआईजी ने इसके बाद करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन नई जिला जेल के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण भी कर कार्यों का आकलन किया और जेल निर्माण में तेजी लाने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

डीआईजी के किए गए अचानक दौरे से जिला उप कारागार प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण दौरान डीआईजी ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति और बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेलर पीके मिश्रा को बंदियों और कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए साथ ही जेल प्रशासन से बंदियों के भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया। डीआईजी ने महिला बंदियों के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं और जेल अस्पताल की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा कर उन्होंने स्पष्ट किया कि कैदियों के मानवाधिकारों और सुरक्षा के साथ कोई समझौता न किया जाए।

डीआईजी ने इसके बाद शहर के बिलबई रोड पर करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की जा रही नई जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण किया। डीआईजी ने निर्माणाधीन परिसर का दौरा करते हुए कार्य की प्रगति का आकलन किया। बताया कि एक विशेष टीम नई जेल के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर रही है।

# लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें: सीओ

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा



बैठक में निर्देशित करते क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड ने थाना पनवाड़ी व महोबकंठ के विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्राधिकारी ने प्रत्येक विवेचक से लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश देने साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आईजीआरएस, सीवीआर और डीवीआर प्रविष्टियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने की बात कही।

बैठक दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने शस्त्र लाइसेंसों के सत्यापन, नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण संबंधी प्रकरणों में लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश। गुमशुदगी एवं बरामदगी से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की भी संबंधित को निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि निरोधात्मक कार्रवाई में सक्रियता बनाए रखने और स्थानीय गुंडा, अपराधियों की निगरानी भी करें। उन्होंने थानाध्यक्षों को थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त के अलावा वाहन चेकिंग अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर अपराध नियंत्रण करने के निर्देश दिए। सीओ ने डिजिटल कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के बारे में कहा कि यक्ष एप पर समस्त सूचनाओं एवं कार्रवाई का समय से निस्तारित किया जाए। ई सम्मन प्रणाली के माध्यम से सम्मनों की तामील में तेजी लाने और शत प्रतिशत डिजिटल प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। आईआरएडी एप के माध्यम से अपराधियों की चेकिंग, सत्यापन एवं निगरानी को नियमित रूप से अपडेट करने को कहा।

### पिछड़े वर्ग के गरीब ले सकते हैं शादी अनुदान का लाभ

**महोबा।** पिछडे वर्ग के गरीब माता पिता की पुत्रियों के विवाह के लिए शादी अनुदान योजना वर्तमान समय में संचालित है, जिसके लिए आवश्यक प्रपत्र के साथ आनलाइन आवेदन पत्र किया जा रहा है। जिला सूचना विभाग ने बताया कि आनलाइन आवेदन से पूर्व आधारकार्ड, रजिस्टर मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक विवरण सहित, शादी का कार्ड और पुत्री का आधार कार्ड देना होगा।

# 298 परीक्षार्थियों ने छोड़ी 10वीं, 12वीं की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में कड़ाई के चलते प्रतिदिन सैकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों की नजर में परीक्षा संपन्न कराए जाने से नकल विहीन परीक्षा हो रही है, क्योंकि जिले में अभीतक एक भी नकल का मामला सामने नहीं आया। शनिवार को जिले में हाईस्कूल के गृहविज्ञान और इंटरमीडिएट के इतिहास के प्रश्नपत्र की परीक्षा दौरान गृहविज्ञान के 168 और इतिहास के 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड दी। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा ने नेतृत्व में गठित किए गए सचल दल ने परीक्षा केंद्रों में का निरीक्षण किया। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 29 परीक्षा केंद्रों में पहली और दूसरी पाली में परीक्षा शुरू होने से पहले गेट पर तलाशी लेने के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा शुरू होने के बाद कक्ष निरीक्षक नियमित घूमकर ड्यूटी करते है, वहीं समय समय पर सचल दल भी अलग अलग परीक्षा कक्षों में जाकर नकलविहीन परीक्षा का जायजा लेता है। सुबह हाईस्कूल के पंजीकृत 3619 परीक्षार्थियों में से 3451 उपस्थित रहे, जबकि 168. परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

**कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी, चित्रकूट।**

पत्रांक 1709/जि0का0अधि0 / आ0बा0 चयन / 2025–26, दिनांक: 19 फरवरी, 2026

**अंतिम तिथि का विस्तारीकरण**

निदेशालय पत्रांक सी–4332/बा0 वि0 परि0 / आ0 बा0/ नियुक्ति/2025–26 दिनांक 27.01.2026 के अनुपालन में नवीन चयन प्रक्रिया से आच्छादित जनपद चित्रकूट में आंगनवाडी कार्यकत्रियों के 86 रिक्त पदों पर पात्र आवेदिकाओं से विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in/ पर आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु कार्यालय विज्ञप्ति संख्या सी–1644 दिनांक 31.01.2026 के द्वारा विज्ञप्ति अपलोड की गयी थी, जिसकी अन्तिम तिथि 22.02.2026 निर्धारित है।

अतएव उक्त विज्ञप्ति संख्या सी–1644 दिनांक 31.01.2026 के सापेक्ष आंगनवाडी कार्यकत्रियों के 86 पदों हेतु पात्र आवेदिकाओं द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.03.2026 के 12: 00 PM बजे तक विस्तारित की जाती है।

विज्ञप्ति की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**(पी0डी0 विश्वकर्मा)**
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
चित्रकूट।

## कार्यक्रम — एसपी ने 48 चौकीदारों को वितरित की साइकिल

# चौकीदार ग्रामीण सुरक्षा और कानून व्यवस्था की रीढ़

कार्यालय संवाददाता, महोबा



हरी झंडी दिखाकर चौकीदारों को साइकिल के साथ रवाना करते एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात ग्राम प्रहरियों, चौकीदारों की कार्य क्षमता बढ़ाने और पुलिस के सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्हें निःशुल्क साइकिल वितरण की गई साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 48 ग्राम चौकीदारों को साइकिल प्रदान की गई, जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिले नजर आए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चौकीदार ग्रामीण सुरक्षा और कानून व्यवस्था की रीढ़ है, जो पुलिस और ग्रामीणों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। वह न केवल गांव में अपराधों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखता है, बल्कि चोरी, डकैती और अन्य घटनाओं की सूचना पुलिस को देकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम दौरान एसपी ने चौकीदारों से संवाद करते हुए उनके कर्तव्यों और दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ग्राम चौकीदार की सक्रियता अपराध नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी चौकीदारों को बीट पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी के लगातार संपर्क में रहने, अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, नए बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर ध्यान देने, भूमि विवाद, अवैध शराब एवं अन्य अपराधों की सूचना संबंधित थाने को देने के निर्देश दिए गए।

एसपी ने साइकिल वितरण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि चौकीदारों को दी गई साइकिल अपराधों पर बेहतर निगरानी रखने में सहायक होगी, जिससे अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी और उन इलाके में बेहतर सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने चौकीदारों से कहा कि वह अपने प्रभार वाले इलाके में अपराधों पर नजर रखे और यदि कोई घटना की आशंका होती है तो संबंधित थाने को सूचित करे। कहा कि चौकीदार ग्राम प्रधान से नियमित रिपोर्ट ले और अपराधियों की पहचान और खोज में मदद करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सदर क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी और चौकीदार मौजूद रहे।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

**मुंबई, एजेंसी :** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद डिजियात्रा सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### ओमनीटेक इंजी. का आईपीओ 25 को

**अहमदाबाद।** ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 फरवरी को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा इसका पांच रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का आईपीओ बुधवार, 25 फरवरी को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 24 फरवरी है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि शुक्रवार, 27 फरवरी है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड पांच रुपये अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर 216 से 227 रुपये तक निर्धारित किया गया है। न्यूनतम पांच रुपये अंकित मूल्य के 66 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है।

### देवरिया में पांच चीनी मिलों में से मात्र एक अस्तित्व में

**देवरिया।** कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सरकारी तंत्र की उपेक्षा के चलते पांच चीनी मिलों में मात्र एक एशिया की सबसे पुरानी चीनी मिल अस्तित्व में है। आज यहां पांच चीनी मिलों में से मात्र एक प्रतापपुर की चीनी मिल चल रही है। कभी देवरिया जिले में देवरिया में गौरीबाजार, बैतालपुर, देवरिया सदर, भटनी और प्रतापपुर पांच चीनी मिल चला करती थी, लेकिन यहां की चार चीनी मिलें देवरिया सदर, बैतालपुर, गौरी बाजार और भटनी की चीनी मिलें सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्षों पूर्व बंद हो गई।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी 2 मार्च को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ (आईओबीओए) ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं।

# आधुनिक उपकरणों को दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।" उन्होंने कहा कि भारत में चिप का निर्माण होने से हमारे आधुनिक उपकरणों के उत्पादन के लिए देश को अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिप की आपूर्ति बाधित हुई, तो कारखाने ठप पड़ गए और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। भारत ने उस संकट से सबक लिया और उसे एक अवसर में बदल दिया। हमने चिप विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और इसके लिए हम देश में एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर पार्क के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए। ● एजेंसी

एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह संयंत्र प्रौद्योगिकी के लिए एक 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी यात्रा थोड़ी देरी से शुरू की है, लेकिन अब यह अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तेल और प्रौद्योगिकी के बीच के ऐतिहासिक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 20वीं सदी में जिन देशों के पास तेल था, उनके पास समृद्धि और शक्ति थी। लेकिन 21वीं सदी में यह शक्ति एक छोटी सी 'चिप' में समाहित है। अब शक्ति का केंद्र वे कौशल और सामग्रियां हैं, जो इस चिप से जुड़ी हुई हैं।

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड 60:40 हिस्सेदारी वाला एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। इस उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति शृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी।

इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक 'शक्ति-केंद्र' के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा।

### उद्योग जगत में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती अहमियत के बीच भारत की समृद्धि बनाए रखने के लिए उद्योग जगत की हस्तियों के पास प्रौद्योगिकी को समझने और उसे लागू करने की क्षमता होनी जरूरी है। नरेंद्रन ने आइमा के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय व्यवसाय और उनके नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

टाटा स्टील के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नरेंद्रन ने कहा कि घरेलू कंपनियां आज दुनिया भर में व्यवसायों का अधिग्रहण कर रही हैं और भारतीय प्रबंधक विश्व के कुछ सबसे जटिल संगठनों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने एआई के संदर्भ में कहा कि कृत्रिम मेधा अब केवल चर्चा का एक छोटा हिस्सा नहीं रह गया है।

## अकाली दल वाघा, फाजिल्का बॉर्डर खोलने को वचनबद्ध

**अटारी, एजेंसी**

● **सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार प्रभावित: बादल**

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए वाघा और फाजिल्का बॉर्डर खोले जायें और सीमावर्ती क्षेत्र में एक विशेष औद्योगिक ज़ोन बनाया जाये।

पंजाब बचाओ मुहिम के तहत वरिष्ठ नेता गुलजार सिंह रणीके की ओर से यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री बादल ने कहा कि सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार हम चुने गये तो हम वाघा और फाजिल्का बॉर्डर को फल, सब्जियों और अन्य वस्तुओं के मध्य एशियाई देशों को निर्यात को खोलेंगे। इस निर्यात से अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन जाएगा और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। बादल ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना भी बहुत जरूरी है, खासकर तब जब उद्योग पहाड़ी राज्यों में मिल रही रियायतों के कारण वहां चले गए हैं।

## क्लीनमैक्स ने एंकर निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर (प्रमुख) निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एंकर निवेश दौर में टेमासेक होल्डिंग्स, नोमुरा एसेट मैनेजमेंट, एसबीआई लाइफ, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एडीआईए, एसबीआई जनरल, प्रेमजी इन्वेस्ट और फ्रैंकलिन टेम्पलटन सहित विदेशी और घरेलू संस्थान शामिल हुए।

## कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह किया और हर व्यक्ति का आह्वान किया कि बदलाव का वह जो भी संकल्प ले उसे पूरा किया जाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय समाचारपत्र समूह की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित किया।



परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय को आवश्यक बताते हुए उन्होंने सबका सीएसआर को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह कर कहना चाहते हैं कि जब आप कोई संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश में संरचनात्मक सुधार, समावेशी विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना विकास के जरिए 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है और सभी क्षेत्रों और समुदायों में आकांक्षाओं को बढ़ाया है। विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अब हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है। उन्होंने सीएसआर को उस क्षेत्र के रूप में वर्णित किया जहां उद्यम और सहानुभूति आपस में मिलते है, जहां वित्तीय विवरण मानवीय कहानियों से जुड़ते हैं और जहां विकास को एक उद्देश्य मिलता है।



# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी, चांदनी चौक में सुरक्षा सख्त

## एक मंदिर और लालकिले के आसपास सुरक्षा क्षेत्रों में हमले की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● प00000000000000

दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के रूप में की थी।

नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।

## राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया

**ठाणे/मुंबई, एजेंसी**

● **मानहानि मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। राहुल के महाराष्ट्र के ठाणे जिले की ओर जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मुलुंड टोल प्लाजा पर उन्हें काले झंडे दिखाए, नारे लगाए और कांग्रेस पर दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के माध्यम से भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया।



संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) पीएम कोलसे की अदालत ने राहुल के नये जमानतदार से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मानहानि मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल के लिए तय की। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंते की ओर से दायर मामले में कांग्रेस नेता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जा चुकी है। कुंते ने अदालत में शिकायत दायर कर आरोप लगाया है कि राहुल ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। अदालत ने राहुल से इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 12 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे।

जब राहुल 2016 में अदालत के समक्ष पेश हुए थे, तब पाटिल उनके जमानतदार बने थे, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शनिवार को नया जमानतदार बनाने की कार्यवाही को त्वरित प्रक्रिया के तहत लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। अदालत ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के जमानत पत्र औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिए हैं।

### भिंड में बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 पर बस और वैन की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास हुआ।

गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस ग्वालियर की ओर जा रही थी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। दोनों भिंड जिले के है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योड़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## द्रमुक ने सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए टी आर बालू के नेतृत्व में समिति गठित की

**तमिलनाडु चुनाव**

**चेन्नई, एजेंसी**

● **चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट देने की संभावना**

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता टी आर बालू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

डीएमडीके को गठबंधन में शामिल करने के इस कदम ने उसकी प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक को झटका दिया है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल करने का प्रयास कर रही थी।

द्रमुक के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 22 फरवरी से अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू कर सकती है। डीएमडीके को समायोजित करने के अलावा पार्टी के इस चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट आवंटित करने की संभावना है। तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए द्रमुक के सहयोगी एमडीएमके प्रमुख वाइको ने कहा कि द्रविड़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। वाइको ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे।

वाइको ने शनिवार को दक्षिणी जिले तिरुनेलवेली में पत्रकारों से कहा कि आगामी चुनाव शक्ति प्रदर्शन की बड़ी परीक्षा नहीं होंगे। द्रमुक ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारे नेता (स्टालिन) ने सहयोगी दलों को चुनावी माहौल के लिए तैयार कर दिया है।

## अगरतला-कोलकाता बस सेवा बहाल करने के प्रयास

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने की पहल का शनिवार को स्वागत किया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा पिछले एक साल से निलंबित है, जिससे वीजा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्थिति में सुधार होने के साथ, बस संचालक अब सेवा को पुनः शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिये परीक्षण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने के कदम का स्वागत करता हूं। बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के गठन के साथ अनिश्चितता समाप्त हो गई है। भारत-बांग्लादेश बस सेवा के निलंबन के एक साल बाद संचालक ने सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ढाका से पश्चिम त्रिपुरा के कृष्णानगर डिपो में एक बस मंगवाई। बस सेवा के प्रबंधक मनोरंजन देवनाथ ने बताया कि पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश बस सेवा को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## गोलपाड़ा से विस्थापितों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें: कोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

● **कोर्ट में 60 लोगों ने दायर की थी रिट याचिका**

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि पिछले साल जून में गोलपाड़ा जिले में बेदखली अभियान से प्रभावित परिवारों को पीने योग्य पानी, बुनियादी चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाएं तथा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार, साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ के नेतृत्व वाली पीठ ने 16, 17 और 18 जून, 2025 को हाशिला बील (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में की गई बेदखली से प्रभावित 60 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि बच्चों सहित 566 परिवारों को कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित पट्टा भूमि के एक छोटे से भूखंड में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं सहित प्रभावित परिवार आठ महीने से अधिक समय से घोर अभाव की स्थिति में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, स्वच्छता, भोजन या उचित चिकित्सा देखभाल की कोई उपलब्धता नहीं है। न्यायमूर्ति बरुआ ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि इस न्यायालय की राय है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार और साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। इस न्यायालय की यह भी राय है कि 2013 के अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किए जाने हैं। यहां '2013 के अधिनियम' से तात्पर्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 से है।

# निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में करेगा 480 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती

● विस चुनाव की घोषणा से पहले दो चरणों में किए जाएंगे तैनात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें सीआरपीएफ की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 55 कंपनियां, आईटीबीपी की 27 कंपनियां, एसएसबी की 27 कंपनियां और सीआईएसएफ की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।


## शांतमनु बने जम्मू कश्मीर के ईसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में शपथ लेने वाले पूर्व नौकरशाह शांतमनु ने इस केंद्र शासित प्रदेश में लंबे समय से लंबित पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के महत्व पर जोर दिया। यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल जवाबदेही भी हुई सुनिश्चित

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उदय ने एक नई और जटिल चुनौती पेश कर दी है। आज एआई के माध्यम से ऐसी सामग्री बनाना संभव है जो हूबहू वास्तविक लगती है। यह तकनीक न केवल किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि सामाजिक शांति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत सख्त दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं जो 20 फरवरी से लागू भी हो गए हैं। इन नियमों का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स केवल कैरियर नहीं रह सकते, उन्हें प्लेटफॉर्म पर मौजूद सामग्री की शुद्धता के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




## सिंथेटिक सामग्री की पहचान

● कानूनी परिभाषा : नए आईटी नियमों के तहत पहली बार 'सिंथेटिक रूप से उत्पन्न जानकारी' (एसजीआई) को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। इसमें ऐसी ऑडियो, विजुअल या ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल है जो एल्गोरिदम या एआई के जरिए बनाई या बदली गई हों, और जो वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं के जैसी दिखाई देती हों। यानी डीपफेक एडिटेड या डिजिटली एडिटेड तस्वीरें या वीडियो। हालांकि, सामान्य संपादन (रूटिन एडिटिंग), सुलभता उपकरण (जैसे नेत्रहीनों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच), शैक्षणिक सामग्री और सद्भावपूर्ण तकनीकी सुधारों को इन नियमों से बाहर रखा गया है, शर्त ये है कि वे सामग्री के अर्थ को न बदलें।

## यूजर्स की नई जिम्मेदारियां

● अनिवार्य घोषणा : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अब यह जरूरी है कि वे यूजर्स से यह घोषणा लें कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई से तैयार की गई है या नहीं।

● ईमानदारी की जरूरत : नई नियमावली के अनुसार, कंटेंट की प्रकृति के बारे में सच बोलने की जिम्मेदारी अब सीधे यूजर पर है। हालांकि प्लेटफॉर्म्स भी जांच करेंगे।

● लेबल और मेटाडाटा के साथ छेड़छाड़ पर रोक : यूजर्स को उन लेबल या स्थायी मेटाडाटा को हटाने, दबाने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, जो प्लेटफॉर्म की तरफ से एआई की पहचान के लिए लगाए जाते हैं।

● कानूनी कार्रवाई को लेकर जागरूकता : प्लेटफॉर्म्स को अब हर तीन महीने में कम से कम एक बार यूजर्स को यह चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने या एआई का गलत इस्तेमाल करने पर उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है।

## प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारियां

● उपयोगकर्ता घोषणा : लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेनी होगी कि अपलोड की गई सामग्री सिंथेटिक है या नहीं।

● सत्यापन : प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से इन घोषणाओं की सटीकता की जांच करनी होगी।

● सुरक्षा उपाय : बाल यौन शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले डीपफेक को रोकने को ऑटोमैटिक एआई फिल्टर लगाने होंगे।

● तीन घंटे में निष्कासन : सरकार या अदालत के आदेश के बाद, प्लेटफॉर्म्स को अवैध एआई सिंथेटिक सामग्री को 3 घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले 36 घंटे दिया जाता था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे में 19 झुग्गियां जलकर खाक

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के हडपसर इलाके में बने राम मनोहर लोहिया उद्यान के पास एक श्रमिक बस्ती में कल देर रात भीषण आग लगने से 19 झुग्गियां और तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पुणे-सोलापुर रोड पर उद्यान के पीछे स्थित अस्थायी बस्ती में तड़के करीब 2:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग एक झुग्गी से शुरू हुई और तेजी से आसपास की झोपड़ियों में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे।

### हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इज़राइल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज़्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज़्यादा लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। लेबनान नागरिक रक्षा के एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### यूनान में प्रवासियों की नाव पलटने से 5 मरे

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे।

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोअर कैथू क्षेत्र स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक मृत पाए गए। मृतक की पहचान इंग्लैंड के 46 रटलैंड रोड निवासी बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। दोपहर करीब 12 बजे कैथू स्थित चितकारा पार्क के पास रहने वाले स्थानीय निवासी सूर्यवंशी ने सूचना दी कि उनके होटल के कमरा संख्या 103 में ठहरे एक विदेशी अतिथि अचेत पड़े हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर कर रहे विचार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में तैयार कर लेंगे परमाणु समझौते का मसौदा

● ईरान ने कहा-क्षेत्र में अमेरिकी सेना की अधिक तैनाती गैरजरूरी

तेहरान/ वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है।

यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति बिल्कुल अनावश्यक है। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा, ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ फ़ोन पर बातचीत की।



### रूस-मिस्र ने किया कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक स्वीकार्य खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फ़ोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है।

### जापान ने जारी की 50 से अधिक देशों के लिए यात्रा चेतावनी

टोक्यो। जापान ने शनिवार को पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के मद्देनजर 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए यात्रा पर सतर्कता चेतावनी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हालात में अचानक बदलाव होने की संभावना बनी हुई है और इससे अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं, न केवल पश्चिम एशिया बल्कि अमेरिका और यूरोप सहित अन्य भागों में भी। पश्चिम एशिया से बाहर, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्र सहित अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। यदि तनाव और बढ़ता है तो इससे हवाई मार्गों के बंद होने और हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद हो जाने की संभावना है।

# सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र

● गोवा समुद्री सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोले नौसेना प्रमुख

पणजी, एजेंसी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसैना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी।



### मादक पदार्थ ट्रेड बड़ी समुद्री चुनौती

क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले ही 12वीं का पेपर आउट

**नागपुर।** महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा नागपुर में आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। परीक्षकों ने छात्रा के फोन की जांच की तो पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था।

## नहर में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 7 जवान घायल

● जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास हुआ हादसा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से सात जवान घायल हो गए। यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### गांदरबल में सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को एक बैग में रखकर जिले के सफापोरा इलाके में कोहेस्तान कॉलोनी के पास गुलाब शेख मोहल्ले में सड़क किनारे रखा गया था।

## दक्षिणी नेपाल के रौतहट जिले में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू।** दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। मुख्य जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल के अनुसार, शनिवार दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय गौर और अन्य हिस्सों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय रौतहट जिला सुरक्षा समिति द्वारा लिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

## अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में साजिश की जांच हो

● विधायक रोहित पवार ने पीएम मोदी और गृहमंत्री को भेजा पत्र

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायी और नेता 28 जनवरी को पुणे के बारामती में हुए विमान दुर्घटना की जांच में विलंब और उसे नियंत्रित करने की साजिश कर रहे हैं जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी।

दो बार के विधायक पवार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को हटाने की अपील की गई है, जो सत्ताधारी भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार है।

रोहित पवार ने मीडिया से कहा, मैं मोदी जी से आग्रह करता हूं कि नागिरक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करें। वीएसआर कंपनी और उनकी पार्टी के बीच रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन रिश्तों की जांच एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए। अगर ज़रूरी हो तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जांच होने तक राम मोहन नायडू को मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाए।


## विमान खरीदने पर मरियम नवाज पर साधा निशाना

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज अपने निजी इस्तेमाल के लिए 11.7 अरब पाकिस्तानी रुपये का एक आलीशान विमान खरीदने के मामले में कड़ी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। स्ट्रैटकॉम ब्यूरो के अनुसार, पंजाब सरकार ने वीआईपी परिवहन के लिए 2019 में निर्मित एक नया गल्फस्ट्रीम जी500 विमान खरीदा है। विमान की अनुमानित कीमत लगभग 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि मरियम नवाज प्रशासन ने प्रस्तावित एयर पंजाब बेड़े के हिस्से के रूप में 19 सीट वाला वीआईपी विमान हासिल किया है। विपक्षी दलों ने मरियम नवाज की विलासितापूर्ण जीवन शैली की कड़ी आलोचना की है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 11.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 17.54 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज एकाग्र होकर अपनी परेशानियों के विषय में विचार करें। किंतु समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर न करें। आपका मन कुछ नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। परिवार में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** — आज आपके ऊपर काम का दबाव अचानक से बढ़ सकता है। उधार दिए हुए धन की वापसी को लेकर समस्या हो सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार धन लाभ नहीं होगा। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों में टकराव देखने को मिल सकता है।

**मिथुन** — आज अपनी सेहत को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। मित्रों की सलाह से लाभ होगा। आवश्यक कार्यों को कल पर न टालें। व्यवहार में विनम्रता के कारण लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लें। ऑनलाइन व्यवसाय से अत्यधिक लाभ मिल सकता है। राजनीति में आपका रुझान बढ़ सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। निजी रिश्तों में दूरियां बढ़ने की संभावना है।

**सिंह** — आज निजी समस्याओं को लेकर आपको शुभचिंतकों से उत्तम सलाह मिल सकती है। व्यापार से आपको अपेक्षित लाभ मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। मन में दूसरे कार्यों के कारण भटकाव हो सकता है।

**कन्या** — आज उच्च अधिकारियों से आपको प्रशंसा मिलेगी। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी रहने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान हो सकता है। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला** — आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्साहित रहेंगे। कोई विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकता है। मन का भय दूर होगा। आप किसी पुराने केस को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपको योजनाओं से हटकर काम करना पड़ सकता है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग अत्यधिक आकर्षित होंगे। पारिवारिक कामों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं को नजरअंदाज न करें।

**धनु** — आज अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अनुशासन कम हो सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। संतान के व्यवहार से आपका मन आनंदित रहेगा।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से मन आनंदित रहेगा। कार्यशैली में बड़ा सुधार कर सकते हैं। उच्च शिक्षा की परेशानियां दूर होंगी। माता-पिता से सलाह लेकर नया काम शुरू करें।

**कुंभ** — आज आप दूसरों की परेशानियों को समझकर उनकी सहायता करेंगे। कारोबार में आयवृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** — आज आपको धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र के वातावरण से असहज हो सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |



"यह एक जबरदस्त मैच होने वाला है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका कोई आसान टीम नहीं है, वे पक्का मुकाबला करेंगे। और यह 2024 के वर्ल्ड कप फाइनल का रिपीट है, इसलिए हर कोई इसका इंतजार कर रहा है।
- रवि शास्त्री


# स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-श्रीलंका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड मिला

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था।

### संन्यास के नौ साल बाद वापसी करेंगे मेवेदर

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं।

### बांठिया-डोंस्की ने युगल का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूच्या इसारो को 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं।

### अर्जेंटीना के एचेवेरी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना के आठवें सीडेड टॉमस मार्टिन एचेवेरी शुक्रवार को पुर्तगाल के जैमे फारिया को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर रियो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। एचेवेरी ने अपने पहले सर्व पर 80% पॉइंट जीते और नौ एस लगाकर जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और चार मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर 147 फारिया अपने पांच ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए और 21 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एचेवेरी का मुकाबला 87वीं रैंक के विट कोप्रिवा से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल को 6-4, 6-4 से हराया।

# तिलक और सूर्यकुमार को संभालनी होगी जिम्मेदारी

## टी-20 विश्व कप : द. अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 का मैच आज



एडेन मार्करम (कप्तान)

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं : कप्तान

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओपनर अभिषेक शर्मा का साथ दिया है, जो अभी चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, क्योंकि टीम रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले सुपर 8 मैच की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने साफ किया कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं है। भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की काबिलियत पर अपना भरोसा दोहराया और उम्मीद जताई कि टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ ही टॉप रैंक वाला टी20 बल्लेबाज जल्द ही अपनी फॉर्म में वापस आ जाएगा। सूर्या ने कहा मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक के फॉर्म को लेकर परेशान हैं; मुझे उनकी चिंता है। वे अभिषेक के फॉर्म को लेकर इतने परेशान क्यों हैं? लेकिन मैं उन टीमों के बारे में सोचता हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं।

- दक्षिण अफ्रीका के पास है मजबूत गेंदबाजी आक्रमण, जो लेगा भारत की कठिन परीक्षा

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

### काली मिट्टी की पिच पर होगा मैच, स्पिन की उम्मीद कम

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जाएगा, जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं, लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी।



सूर्यकुमार यादव (कप्तान)

# सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश से रद्द

**पल्लेकल, एजेंसी**

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी।

मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।



टॉस के बाद बारिश शुरू होने के कारण मैदान को ढक दिया गया।

- पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को मिला 1-1 अंक

### एक हार पड़ सकती है दोनों टीमों के लिए भारी

अगर पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड की टीम अपने अगले दो मैच जीत जाती है तो वह सेमीफ़ाइनल में पहुंच जाएंगे लेकिन एक हार उन्हें तीन अंकों तक सीमित कर सकती है, जिससे उनपर बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ पिछली शृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**पल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले शृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 शृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं।





श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

# टी-20 शृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत

**एडिलेड, एजेंसी**

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रनों से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला अपने नाम की।

मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया।

इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मिली मदद: मंधाना

**एडीलेड।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता।

कलह

विश्व कप न खेलने का मलाल, बोले-तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया

# पूर्व खेल सलाहकार पर भड़के बांग्लादेश के सहायक कोच

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे।

नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था।

सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।



सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन।

### आईसीसी का राजस्व मॉडल है प्रतिकूल : नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं। शाह ने हालांकि बीसीसीआई की उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।